06 23 को जिले में किया जाएगा ब्लैक आउट व हवाई हमले...



07 साहब! पहले कहा था कॉलेज बनाएंगे...



## खबर संक्षेप

### कनेरादेव के 24 आवासों की चाबी हितग्राहियों को सौंपी

**सागर।** नगर पालिक निगम सागर द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अंतर्गत कनेरादेव क्षेत्र में निर्मित आवासों के आवंटन की प्रक्रिया के तहत 24 हितग्राहियों को उनके आवासों की चाबियाँ सौंपी गईं। इस अवसर पर महापौर संगीता सुशील तिवारी ने हितग्राहियों को उनके नए आवास की चाबी सौंपते हुए उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महापौर संगीता सुशील तिवारी ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना केंद्र एवं राज्य सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है, जिसका उद्देश्य प्रत्येक पात्र परिवार को पक्का आवास उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि बहुत लंबी प्रतीक्षा के बाद आज हितग्राहियों को अपने स्वयं के घर का स्वामित्व प्राप्त हो रहा है, जो उनके जीवन में स्थायित्व, सुरक्षा और सम्मान का प्रतीक है। महापौर ने कहा कि कनेरादेव में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत बनाए गए सभी आवास उच्च गुणवत्ता के हैं तथा इनमें बिजली, पानी, सड़क, नाली एवं अन्य मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। नगर निगम द्वारा निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा गया है, ताकि हितग्राहियों को सुरक्षित एवं टिकाऊ आवास मिल सकें।

### ग्राम पंचायत बहेरिया गदगद में आयोजित आनंद उत्सव कार्यक्रम

**सागर।** प्रतिवर्षानुसार आनंद विभाग के निर्देशानुसार जिले में कलेक्टर संदीप जी आर एवं मुख्य कार्यापालन अधिकारी जिला पंचायत विवेक के.वी के मार्गदर्शन में आनंद उत्सव जिले के समस्त विकास खण्डों एवं नगरीय निकायो में मनाया जा रहा है। इसी क्रम मे सागर जनपद की ग्राम पंचायत बहेरिया गदगद में आयोजित किया गया। जिसमें बमौरा एवं सिंदगुवा पंचायत संम्लित हुई। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप मे सत्येन्द्र सिंह बमौरा उपस्थित रहे साथ ही जिले से श्रीराम दुबे सहायक नोडल आनंद विभाग जीवन रजक मास्टर ट्रेनर आनंद विभाग भी उपस्थित रहे। बहेरिया गदगद की सरपंच सीमावाई ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। ग्रामीण जन विशेष कर बुजुर्गों नें कार्यक्रम में सहभागिता करके बड़े आनंदित थे एवं उन्होंने मुख्यमंत्री डा मोहन यादव जी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा इस व्यस्त जीवन में आनंद उत्सव उन्हें आनंदित होने का अवसर प्रदान करता है बुजुर्गों के साथ साथ युवा एवं बच्चो नें भी बढ़ चढ़ कर सहभागी बने ।कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधान अध्यापक मनोज तिवारी के साथ समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। सचिव वृंदावन कुर्मी राजेश सिंह एवं विनोद सेन भी उपस्थित रहे। कुर्सी दौड़ के विजेता दिनेश सिंह रहे उन्हें विशिष्ट अतिथि सत्येन्द्र सिंह बमौरा के द्वारा 500 का पुरस्कार भी प्रदान किया गया। जिले के नोडल अधिकारी अरविन्द जैन मार्गदर्शन में समस्त विकास खण्डों में येसे ही उत्साह से आनंद उत्सव मनाया जा रहा है।

### मां कामाख्या देवी जाएगी मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन यात्रा

**सागर।** मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत 31 जनवरी को वैष्णों देवी जाने वाली यात्रा अपरिहार्य कारणों से निरस्त की गई है। वैष्णोंदेवी जाने वाली तीर्थयात्रा अब मां कामाख्या देवी के लिए दिनांक 31 जनवरी को की जावेगी। मां कामाख्या देवी जाने के लिए आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 17 जनवरी निर्धारित की गई है। कलेक्टर ने उक्त के संबंध में आयुक्त नगर पालिक निगम सागर, अधिशासी अधिकारी छावनी मंडल जिला सागर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी / कार्यपालन जनपद पंचायत (समस्त), मुख्य नगर पलिका अधिकारी/नगर परिषद् (समस्त) को पत्र के माध्यम से निर्देशित किया कि तीर्थ यात्रियों के लिए माँ वैष्णोदेवी तीर्थ हेतु यात्रा प्रस्तावित की गई थी उक्त यात्रा अपरिहार्य कारणों से निरस्त की गई है।

## सुरखी विधानसभा के मजरा टोला के लिए 41 मार्ग स्वीकृत

# सुरखी विधानसभा में छोटे-छोटे गांव तक बनेंगे पक्के मार्ग : मंत्री गोविंद सिंह राजपूत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत द्वारा सुरखी विधानसभा के विकास का संकल्प लिया था, वह पूरा होते नजर आ रहा है एक समय था जब सुरखी विधानसभा क्षेत्र के गांव में सडकों के नाम पर धूल उडती थी लेकिन अब गोविंद सिंह राजपूत के दृढ इच्छा शक्ति संकल्प से सुरखी का चहूमुंखी विकास हो रहा है जहां एक ओर बडे बडे मार्गो से सुरखी विधानसभा को जोडा जा चुका है तो वहीं अब मजरा टोला भी सडकों के जाल से अछूते नही रहेंगें। अब विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक मजरा टोला को पक्की सडक तक जोडने का अभियान शुरू कर दिया है। पूर्व में जैसीनगर विकासखण्ड के 09 मार्ग एवं राहतगढ विकासखण्ड के 05 मार्ग स्वीकृत किये जा चुके है। हाल ही में मंत्री गोविंद सिंह राजपूत द्वारा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मिलकर मजरा टोलों के 27 मार्ग और स्वीकृत कराए है जो इस प्रकार है।

एम.डी.आर. से हरिजन बस्ती सेमाढाना, मुगरयाउ किशनपुरा से नौरजा, करैया से



चॉदौनी, उदका रोड से रहली डुंगरिया, एस.एच.15 सिलवानी रोड हिन्नपुर, पीएमजी एसवाय सागौनीखुर्द रोड से कालीपठार, कटहली से औसानखेडी, पीएमजीएसवाय बेरखेडी गुंसाई रोड से यादवपुरा सगोनीभाट, पीएमजी एसवाय कनेरा रोड से खिरियादामोदी मनक्याई, झिला बटयावदा रोड से रूसल्ला, सेमराघाट रोड से नयाखेडा, खैजरामाफी नादनवारा रोड से वेहटाअलीनगर, पंचायत भवन विनायकी मध्य टोला से पी.एस. स्कूल विनायकी, सेमराघोना से छिरियासेमरा, कचनोंदा से काटीघाटी, सेनपा से औसान खेडी, जामुनढाना से सेमरामेढा, सीहोरा से भटरियाटोला, मानकचैक से खुगरा टोला तक, एन.एच. 146 पिपरिया घाट से बिल्हाकुआं खेडा, एम.डी.आर. टीलाबुजुर्ग से करैया हजारी, रजवांस पीएमजीएसवाय से गढा, चैकी शिकारपुर रोड से मसानिया, एम.डी.आर. सरखडी रोड से झमरावाले तक, एस.एच. 15 से संजरा, एन.एच. 86 से रसूलपुर, एन.एच. 86 से मनकापुर टोला, बटयावदा से टपरा टोला, बसियागंगे से पटैल मुहल्ला, सीहोरा से रौहज्जा टोला, मेनवारा कलां से लखनपुर, मेनवाराकलां से लखनपुर सीटोर टोला, एम.डी.आर. जैसीनगर रोड पडरई से बरियाभट्टा, एस.एच. 15 जैसीनगर से बगीचाटोला, पीएमजीएसवाय मनक्याई सडक से बडीवीर, औरिया रोड से हरिजन खिरका टोला, मनक्याई रोड से जामुनवारी टोला, एस.एच. 15 से खमरिया गौंड, चॉदौनी तिगड्डा से मुन्नी का टपरा सेमरागोपालमन, सोमला कनेरागौंड से पादरी टोला, एम.डी. आर. से पहलेपार पडरई मंत्री के निर्देषानुसार जिला पंचायत अध्यक्ष द्वारा सभी जन प्रतिनिधियों से प्रस्ताव लेकर कार्य योजना तैयार की गई थी उक्त मार्गो की स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है। उक्त मार्ग की स्वीकृति दिलाने में क्षेत्रवासियो द्वारा मंत्री गोविंद सिंह राजपूत का आभार व्यक्त किया है।



## महापौर ने डॉ. हरिसिंह गौर वार्ड में नव निर्मित सीसी रोड का किया लोकार्पण

**सागर।** नगर के डॉ. हरिसिंह गौर वार्ड अंतर्गत मुख्य मार्ग से गोवर्धन मंदिर रिमझिरिया मंदिर मार्ग तक नवनिर्मित सीसी रोड का लोकार्पण कार्यक्रम गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में महापौर संगीता सुशील तिवारी ने सीसी रोड का लोकार्पण किया। इस अवसर पर एमआईसी सदस्य रुपेश यादव, संगीता शैलेष जैन, नेता प्रतिपक्ष बाबूसिंह यादव, पार्षद हेमंत यादव, शिवशंकर यादव, रुबी कृष्ण कुमार पटेल, अशोक साहू,संकल्प फाउंडेशन के अध्यक्ष रिशांक तिवारी सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। लोकार्पण अवसर पर महापौर संगीता सुशील तिवारी ने कहा कि इस सड़क के निर्माण की मांग क्षेत्रवासियों द्वारा लंबे समय से की जा रही थी। जनभावनाओं को ध्यान में रखते हुए इस कार्य को प्राथमिकता के आधार पर स्वीकृति प्रदान की गई। उन्होंने कहा कि यह क्षेत्र शहर का एक सुंदर एवं प्राकृतिक स्थल है, जहां प्रतिवर्ष मेला भी आयोजित होता है, ऐसे में यहां पक्की सड़क का निर्माण क्षेत्रवासियों के लिए अत्यंत आवश्यक था। महापौर ने कहा कि नगर निगम द्वारा सागर शहर में सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है और प्रत्येक वार्ड में विकास कार्य निरंतर कराए जा रहे हैं। नागरिकों की समस्याओं का समयबद्ध निराकरण करना हमारी प्राथमिक जिम्मेदारी है। इस दिशा में पार्षदगण भी सजगता के साथ कार्य कर रहे हैं और जो भी समस्याएं सामने आती हैं, उन्हें प्राथमिकता से हल करने का प्रयास किया जाता है।

## खाद के लिए नहीं लगना होगा अब लाइन में, ई-टोकन व्यवस्था शुरू, अब घर बैठे होगा पंजीयन

**सागर।** कलेक्टर व प्रशासक जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्या. सागर एवं उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास संदीप जी.आर. के मार्गदर्शन में ई-विकास प्रणाली अंतर्गत उर्वरक कूपन जारी कर खाद का वितरण का आगाज जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित सागर की शाखा मालथौन अंतर्गत बी-पैक्सा बीकोरकलॉ द्वारा किया गया। कृषक बलवंत सिह एवं शिवराज सिह लोधी ग्राम सिमरिया गरये ब्लॉक मालथौन को जारी उर्वरक कूपन पर 15-15 बोरी 20:20:0:13 खाद प्रदाय किया गया। उक्त कृषको द्वारा शासन की इस पारदर्शी एवं सुलभ सुविधा पर हर्ष व्यक्त कर सराहना की । ई-टोकन के माध्यम से किसानो को अब लाइन में नहीं लगना होगा। ई-टोकन प्राप्त करने के लिए किसानो को पोर्टल पर आधार कार्ड के माध्य म से पंजीयन करना होगा। इस अवसर पर बैंक के नीरज दुरेजा मुख्य कार्यपालन अधिकारी, राजेश जैन विपणन प्रभारी, संजय जैन प्रभारी शाखा प्रबंधक शाखा मालथौन, अर्चना भगत, समिति प्रबंधक मुकेश जैन इन्वेन्ट्री मैनेजर, अरूण वर्मा पूर्व सहा.समिति प्रबंधक बी-पैक्सा बीकोरकलॉ सहित ग्राम के कृषक बंधु उपस्थित रहे। शासन की इस योजना के प्रचार प्रसार हेतु विविध माध्य मो के अलावा जिला एवं स्थानीय स्तर पर कृषि अधिकारियो द्वारा प्रशिक्षण/मार्गदर्शन प्रदाय किया जा रहा है।




## शिक्षा और स्वरोजगार की राह दिखा रहा एकनाथ अनुशिक्षण संस्थान : कपिल मलैया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

मंगलवार को एकनाथ अनुशिक्षण संस्थान में नवीन सत्र की कक्षाओं का विधिवत शुभारंभ किया गया। यह संस्थान विद्यार्थियों के लिए पूर्णतः निःशुल्क कक्षाओं का संचालन कर रहा है। कक्षाएं रेलवे प्लेटफार्म क्रमांक 2 के सामने, मारूति शोरूम के ऊपर संचालित की जा रही हैं, जहां बड़ी संख्या में छात्र अध्ययन हेतु पहुंच रहे हैं। नवीन सत्र के शुभारंभ अवसर पर आयोजित मार्गदर्शन कार्यक्रम में बुन्देलखंड चिकित्सा महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. पी.एस. ठाकुर ने छात्रों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि सफलता के लिए निरंतर परिश्रम, अनुशासन और स्पष्ट लक्ष्य का होना आवश्यक है।

उन्होंने विद्यार्थियों को सकारात्मक सोच के साथ कठिन परिश्रम करने तथा समय का सदुपयोग करने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में संस्थान के पालक कपिल मलैया ने छात्रों को न केवल प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी, बल्कि शिक्षा के साथ-साथ स्वरोजगार की दिशा में भी सोचने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि आज के समय में आत्मनिर्भर बनना अत्यंत आवश्यक है और युवा अपनी क्षमता के अनुसार नए अवसर सृजित कर सकते हैं। एकनाथ अनुशिक्षण संस्थान शिक्षा और स्वरोजगार की राह दिखा रहा है। इस अवसर पर संस्थान में उपलब्ध निःशुल्क लाइब्रेरी की जानकारी भी छात्रों को दी गई, जिससे वे अध्ययन सामग्री का अधिकतम लाभ उठा सकें। नवीन सत्र के शुभारंभ पर कुल 82 छात्र उपस्थित रहे, जो संस्थान के प्रति युवाओं के बढ़ते विश्वास को दर्शाता है। कार्यक्रम का संचालन अनुराग बृजपुरिया द्वारा किया गया, जबकि आभार सहप्राध्यापक रामचरण प्रजापति ने किया।

## सावित्री बाई फुले की जयंती के उपलक्ष्य में महिला जाग्रति मेला का हुआ अयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर




सागर में भारतीय स्त्रीशक्ति मध्य प्रदेश की सागर इकाई द्वारा भारत की प्रथम शिक्षिका माता सावित्री बाई फुले की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में महिला जाग्रति मेला महोत्सव का अयोजन हुआ। जिसका शुभारंभ दीप प्रज्जवलन के साथ हुआ। संगठन गीत का गान स्नेहा पाठक द्वारा किया गया। तत्पष्चात अंषिका यादव द्वारा गणेश वंदना की प्रस्तुती दी गई। कार्यक्रम की अगली श्रंखला में अतिथियों का आदर सत्कार किया गया। कार्यक्रम का औचित्य भारतीय स्त्री शक्ति मध्य प्रदेश की सागर इकाई की अध्यक्ष डॉ प्रज्ञा उपाध्याय द्वारा दिया गया। लोटस हायर सेकेंडरी स्कूल की छात्राओं द्वारा सावित्री बाई फुले पर आधारित नृत्य नाटिका की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सागर नगर की महापौर संगीता सुषील तिवारी ने अपने उद्बोधन में कहा कि, यह कार्यक्रम नारी चेतना, शिक्षा और सामाजिक एकता के मूल्यों का सषक्त करने की दिशा में एक सार्थक प्रयास है। मुख्य अतिथि के उद्बोधन उपरान्त छात्राओं द्वारा परिधान प्रतियोगिता की प्रस्तुति दी गई जिसमें आयुषी चढ़ार (सावित्री बाई फुले), अवनी चैरसिया (अहिल्ल्या बाई), झांसी की रानी (खुषबु वाल्मीकी) आदि ने देश की महान नारियों के व्यक्तित्व का परिचय दिया। उद्बोधन की अगली श्रंखला में मुख्य वक्ता के रूप में भारतीय स्त्री शक्ति की राष्ट्रीय सचिव किरण शर्मा ने कहा कि, भरतीय स्त्री शक्ति की मूल विचार धारा इस सिद्धांत पर आधारित है कि नारी सशक्त होगी तभी समाज और राष्ट्र सशक्त होगा। भारतीय संस्कृति और ज्ञान परंपरा में निहित नारी शक्ति की अवधारणा को पुनरुथापित करना इसकी प्रमुख वैचारिक धारा है। वर्तमान समय में सावित्री बाई फुले के विचार और संघर्ष हमें यह प्रेरणा देते हैं कि शिक्षित, जागरूक और आत्म निर्भर महिला ही सशक्त समाज की आधारशिला होती है। बच्चों को संस्कार परिवार से ही प्राप्त होते हैं। जिसमें माँ की भूमिका अहम होती है। अध्यक्षीय उद्बोधन में भारतीय स्त्री शक्ति की प्रदेश अध्यक्ष डॉ. प्रतिभा तिवारी ने कहा कि, आज के इस कार्यक्रम का उद्देष्य महिलाओं को अपने अधिकारों, कर्तव्यों और सामर्थ के प्रति सजग बनाना है ताकि सावित्री बाई फुले के आदर्शों को अपनाकर समाज को जागरूक और सशक्त दिशा दी जा सके।

इस अवसर पर कार्यक्रम में भारतीय स्त्री शक्ति की सागर इकाई द्वारा समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाली महिलाओं का सम्मान किया गया। यह सम्मान उनके समर्पण, संघर्ष और सामाजिक सेवा के प्रति कृत्ज्ञता का प्रतीक है। जिसमें शिल्पी भार्गव, डॉ. ज्योति चैहान चिकित्सा अधिकारी, नगर पालिका निगम परियोजना प्रबंधक कल्पना श्रीवास्तव, लोटस हा.से. स्कूल की प्राचार्य स्नेहा पाठक, सब इंस्पेक्टर ज्योति मिश्रा, जिला कार्यवाहिका अंजली दुबे, सुलोचना तिवारी, अभिलाषा। लोटस हा.से. स्कूल की छात्राओं द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के लिए सम्मानित किया गया साथ ही कौषल विकास योजना में प्रशिक्षण प्राप्त महिलाओं को प्रमाण पत्र वितरित किये गये।



## नव निर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन के पदभार ग्रहण करने पर भाजपा ने मनाया उत्सव

**सागर।** मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी के निर्विरोध निर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन के पदभार ग्रहण करने पर सागर में भाजपा पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि कार्यकर्ताओं ने उत्सव मनाया। पं.दीनदयाल उपाध्याय जी की प्रतिमा के समक्ष पार्टी पदाधिकारी कार्यकर्ताओं ने विधायक शैलेन्द्र कुमार जैन, जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी, नगर निगम अध्यक्ष वृन्दावन अहिरवार के साथ पं.दीनदयाल उपाध्याय जी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। नेतागणों ने उपस्तिथ कार्यकर्ताओं का मिष्ठान खिलाकर मुँह मीठा कराया व उन्हें बधाई दी।इस दौरान कार्यकर्ताओं द्वारा जमकर आतिशबाजी के साथ ढ़ोल बाजो की धुन पर जमकर डांस करते हुए खुशियाँ मनाई कार्यकर्ताओं का उत्साह देख विधायक,जिला अध्यक्ष, नगर निगम अध्यक्ष भी सभी के साथ मिलकर जमकर नाचे। इस अवसर पर मीडिया से चर्चा करते हुए विधायक शैलेन्द्र कुमार जैन ने नव निर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन को बधाई देते हुए कहा कि भाजपा देश की एकमात्र ऐसी पार्टी है जहाँ बड़े पदों और बड़ी जिम्मेदारियों के लिए किसी विशेष परिवार से होना आवश्यक नहीं। यहाँ साधारण कार्यकर्ता होना ही सबसे बड़ी योग्यता है। इसी संगठन में एक सामान्य परिवार का व्यक्ति देश का प्रधानमंत्री बन सकता है और एक साधारण कार्यकर्ता राष्ट्रीय अध्यक्ष जैसे दायित्व तक पहुँच सकता है।

## रोजगार युवाओं की प्राथमिकता है जिसे प्राप्त करने में प्रशिक्षण सहायता करते हैं : सरोज गुप्ता

# जीवन में सफलता भौतिक संसाधनों से नहीं होती बल्कि चरित्र की प्रधानता से होती है: अनुश्री जैन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

पंडित दीनदयाल उपाध्याय शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय सागर में स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजना के अंतर्गत अल्प अवधि प्रशिक्षण रोजगार में चित्रकला, गायन तथा सिलाई बुनाई का प्रशिक्षण असरार अहमद ,सलमा खान तथा बलविंदर सिंह के द्वारा दिए गए। कार्यक्रम के प्रारंभ में डॉ सरोज गुप्ता प्राचार्य ने स्वागत भाषण में कहा कि रोजगार युवाओं की प्राथमिकता है जिसे प्राप्त करने में प्रशिक्षण सहायता करते है।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि लीगल राइट काउंसिल ऑफ़ इंडिया की प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती अनु शैलेंद्र जैन ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि गुरु के प्रति समर्पण जीवन में सफलता का प्रमाण है जैसा कि स्वामी विवेकानंद जी के साथ रहा ।जीवन में सफलता भौतिक संसाधनों से नहीं होती बल्कि चरित्र की प्रधानता से होती है। गुरुओं के द्वारा दिए गए प्रशिक्षण से आपको दीक्षा भी



मिलेगी साथ ही रोजगार का मार्ग भी प्रशस्त होगा।

विशिष्ट अतिथि समाजसेवी प्रकाश चौबे ने कहा डिग्री के साथ महाविद्यालय में रोजगार प्रशिक्षण का कोर्स चलाया जा रहा हैं वह न केवल आज की आवश्यकता है बल्कि स्वावलंबन के क्षेत्र में अच्छी पहल है । महाविद्यालय परिवार सॉफ्टवेयर स्किल्स के विषय में भी प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करें ऐसी मेरी इच्छा है। कोरोना काल में सागर के लिए देवदूत बने विशिष्ट अतिथि डॉ मनीष जैन ने विद्यार्थियों से कहा कि मैने महाविद्यालय में आकर देखा की दिवाले भी बोलती है क्योंकि इन दीवारों पर विद्यार्थियों द्वारा की गई हजारों पेंटिंग्स एवं सनातन ऋषियों के चित्र हुए है जिनसे यह दिवाले बोल रही हैं । शिक्षा से चरित्र निर्माण के साथ रोजगार सृजन भी होना चाहिए। जो इतिहास के गौरव को आत्मसात करता है वही जीवन में आगे बढ़ता है। प्रकृति प्रेमी महेश तिवारी ने कहा कि हाथ पैर होना प्रभु की कृपा नहीं है यदि इन हाथ पैरों को हम सही दिशा में ले जा रहे हैं यह प्रभु की कृपा है। स्वच्छता से स्वस्थ हमारे जीवन का उद्देश्य होना चाहिए।

कार्यक्रम के अंत में स्वदेशी से स्वावलंबन विषय पर आयोजित सेमिनार पुस्तिका का विमोचन तथा अल्प अवधि रोजगार प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के प्रमाण पत्र का वितरण सम्मानीय मंच द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर अमर कुमार जैन जिला नोडल अधिकारी स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजना तथा आभार डॉ प्रतिभा जैन प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट अधिकारी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में डॉ संगीता मुखर्जी, अभिलाषा जैन डॉ रेणु सोलंकी, सुरेन्द्र यादव, शैलेंद्र राजपूत, वरुण यादव, डॉसंदीप सबलोक, डाभानुप्रिया शहर महाविद्यालय परिवार के साथ 300 विद्यार्थी उपस्थित थे।

## जनसुनवाई आयोजित कर नागरिकों की समस्याओं के निराकरण की कार्रवाई की

**सागर।** नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री के निर्देशानुसार नागरिकों की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी निराकरण के उद्देश्य से मंगलवार को नगर निगम कार्यालय में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जनसुनवाई के दौरान विभिन्न वार्डों से आए नागरिकों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए, जिनमें मुख्य रूप से पेयजल, सफाई, संपत्तिकर, नाली, सड़क एवं अन्य नागरिक सुविधाओं से जुड़े विषय शामिल रहे। जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों को संबंधित शाखाओं के अधिकारियों को सौंपते हुए निर्देशित किया गया कि सभी प्रकरणों का गंभीरता से परीक्षण कर समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित किया जाए जिससे नागरिकों की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाए । इसके साथ ही शहर में पेयजल संबंधी समस्याओं के समाधान हेतु नगर निगम द्वारा चार प्रमुख पानी टंकियों पंतनगर, मोतीनगर, शनीचरी एवं विठ्ठल नगर पर जल सुनवाई का आयोजन किया गया। जल सुनवाई के दौरान स्थानीय नागरिकों ने पानी की आपूर्ति, दबाव, समय एवं अन्य तकनीकी समस्याओं से संबंधित शिकायतें दर्ज कराईं। नागरिकों से प्राप्त आवेदनों को संकलित कर संबंधित जल प्रदाय शाखा एवं टाटा प्रोजेक्ट के अधिकारियों को सौंपा गया तथा नागरिकों को आश्वस्त किया गया कि उनकी पेयजल संबंधी समस्याओं का निराकरण एक सप्ताह के भीतर कर दिया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### आत्महत्या केस में परिवार ने लगाया आरोप, एफआईआर दर्ज

**ललितपुर।** थाना पाली क्षेत्रांतर्गत ग्राम डुंगरिया में रहने वाले आशीष राजपूत पुत्र रामसेवक ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि उसका भाई महेन्द्र उसके गांव की आलोप पत्नी रतिराम सहरिया से प्रेम करता था। लगभग चार माह पहले आलोप ने अपनी बहन थाना जखौरा के ग्राम जैरवारा में राजो पत्नी स्व.खूबे उसके घर रहने लगी। अपनी बहन राजो की जमीन बटाई को लेकर गेंहू की खेती कर रही थी। 16 जनवरी को रात करीब 11 बजे महेन्द्र व उसका भाई अत्तू उर्फ अवतार पुत्र किशनलाल आलोप से मिलने आया और उसके भाई महेन्द्र को देखकर गालियां देते हुये मुंह पर चप्पल मार दी और बेइज्जत करते हुये उससे कर जाने की बात कही। अगले दिन उसके भाई ने आलोप व रतिराम द्वारा किये गये दुष्पेरण से आहत होकर जंगल में जाकर पेड़ से फांसी पर लटककर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 108 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी

### घर लौट रही महिला से मारपीट, दोनों पक्षों पर मामला दर्ज

**ललितपुर।** थाना सौजना के ग्राम बारौन में रहने वाली रामप्यारी पत्नी ऊदल अहिरवार ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि बीते रविवार 18 जनवरी को सुबह 8.30 बजे वह घर वापस आ रही थी। तभी रास्ते में गांव के रमसू पुत्र लन्जुवा अहिरवार ने उसे गालियां दीं और विरोध करने पर मारपीट कर दी, जिससे वह घायल हो गयी। बचाव करने आयी बहू आरती पत्नी रवि अहिरवार के साथ भी मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। पुलिसने पीड़िता की तहरीर पर मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी। वहीं दूसरे पक्ष की ओर से चन्द्रवती पत्नी रामस्वरूप अहिरवार ने पुलिस को बताया कि रविवार को उसके दरबाजे के सामने गांव की रामप्यारी पत्नी ऊदल अहिरवार, हज्जू व रवि पुत्र ऊदल ने एकराय होकर गालियां देते हुये मारपीट कर दी, जिससे वह घायल हो गयी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### धारदार हथियार से घर आकर धमकी, युवक ने डरकर की आत्महत्या

**ललितपुर।** महरौनी कोतवाली के ग्राम पठाविजयपुरा निवासी पुष्पा पत्नी ग्यासी रैकवार ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि उसके पति के साथ गांव के ललित रजक पुत्र राजधर रजक व नरेश रजक पुत्र हरज्ञान रजक 15 जनवरी को पहले शराब पिलाकर उक्त दोनों व्यक्तियों ने उसके पति को रास्ते में रोकते हुये अकारण मारपीट कर गालियां दीं। आरोप है कि उक्त लोग उसके घर धारदार हथियार लेकर आये और अवैध धन की मांग करते हुये कहा कि रुपये नहीं दिये तो एस.सी.एस.टी. एक्ट में फंसा देंगे, जिससे उसका परिवार भयभीत हो गया। उक्त लोगों ने जान से मारने की धमकी दी और अपमानित किया। उनके पति मानसिक रूप से तनाव में था और उन्होंने इसी से आहत होकर 17 जनवरी को अपराह्न खेत में जाकर पेड़ से लटककर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने महिला की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 108 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### मारपीट कर धमकाने का आरोप लगाया, केस दर्ज

**ललितपुर।** थाना जाखलौन क्षेत्रांतर्गत ग्राम जामुनधाना में रहने वाले दीपक अहिरवार पुत्र पूरन अहिरवार ने पुलिस को अवगत कराया कि 12 जनवरी को शाम करीब 4 बजे उसकी पत्नी सुनीता, मां रामबेटी पत्नी पूरन, बहन सरोज अपने घर के बाहर बैठी हुयी थी। तभी उसके परिवार के कृपाल पुत्र ग्यासी अहिरवार बिना किसी बात के आये और गालियां देते हुये जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गया। जिसका मेडीकल परीक्षण 12 जनवरी को हो चुका है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

**महिला से मारपीट कर धमकाया**

ललितपुर। कोतवाली क्षेत्रांतर्गत ग्राम चमरौआ में रहने वाली सविता पत्नी संजू लोधी ने पुलिस को तहरीर दी है।

---

### ऊंची नीची आवाज में बजेगा सायरन, राहत व बचाव कार्य का प्रशिक्षण

# 23 को जिले में किया जाएगा ब्लैक आउट व हवाई हमले की मॉकड्रिल

### एडीएम ने फायर, आपदा, नगर विकास, पुलिस व यातायात की बैठक ली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



उत्तर प्रदेश दिवस-2026 के अवसर पर 23 जनवरी को नेताजी सुभाषचन्द्र बोस के जन्म दिवस पर आयोजि होने वाले ब्लैक आउट मॉक ड्रिल की तैयारियों के लिए जिलाधिकारी सत्य प्रकाश के निर्देशन में एडीएम अंकुर श्रीवास्तव ने सोमवार को कलैक्ट्रेट सभागार में सम्बंधित विभागों व सिविल डिफेंस वॉलेन्टियर्स के साथ नागरिक सुरक्षा कोर की बैठक कर रणनीति तैयार की। एडीएम ने बताया कि 23 जनवरी को आयोजित होने वाली मॉकड्रिल के लिए 22 जनवरी को पुलिस लाइन ग्राउंड में शाम 5 बजे सभी विभागों व वॉलेंटियर्स का प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा, जिसमें सभी लोग अपनी अपनी तैयारी के साथ उपस्थित होंगे। 23 जनवरी को मॉकड्रिल के दौरान सायं 06 बजे से 6.10 बजे तक जनपद में ब्लैक आउट किया जाएगा और सभी क्षेत्रों में विद्युत व्यवस्था बाधित कर दी जाएगी, इस हेतु विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

ईओ को निर्देश दिये गए कि पब्लिक एड्रेस सिस्टम के माध्यम से लगातार तीन दिनों तक शहर में मॉकड्रिल व ब्लैक आउट की जानकारी देंगे। हवाई हमले की चेतावनी हेतु 2 मिनट तक ऊँची नीची आवाज में सायरन बजाया जाएगा, जिसके अंतर्गत नागरिकों को जमीन पर लेट कर शरण लेनी होगी।

इसके लिए क्षेत्राधिकारी सदर, ईओ व आपदा विशेषज्ञ को निर्देश दिये गए कि अपने-अपने स्तर से तैयारी पूर्ण कर लें और हवाई हमला समाप्त होते ही सायरन के माध्यम से ऑल क्लियर ध्वनि प्रवाहित कराना सुनिश्चित करेंगे। इसके उपरान्त फायर सर्विस व नागरिक सुरक्षा स्वयं सेवकों द्वारा छोटी व बड़ी आग बुझाने हेतु एक्सटिंगुशर का प्रयाग व फायर टेंडर का प्रयोग किया जाएगा, इसके लिए अग्निशम विभाग व आपदा मित्र और सिलिफ डिफेंश वॉलेंटियर्स को निर्देशित किया गया। बताया कि हमले के दौरान घायल लोगों को नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों द्वारा प्राथमिक चिकित्सा प्रदान की जाएगी, इसके बाद घायलों को स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगायी गई एम्बुलेंसों के माध्यम से चिकित्साल पहुंचाया जाएगा। अंत में ध्वस्त बिल्डिंग में फसे लोगों को सुरक्षित बाहर निकालकर आगे की कार्यवाही की जाएगी। ब्लैक आउट की स्थिति में आमजन को बचाव के उपायों की जानकारी दी।

---

# मनरेगा बचाओ अभियान के तहत गांव में कांग्रेस ने लगाई चौपाल, दी नसीहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



मनरेगा बचाओ संग्राम के अंतर्गत बिरधा ब्लॉक के ग्राम धोबन खेरी में कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें जिलाध्यक्ष डा.दयाराम रजक ने अध्यक्षता की तथा को जिला कोऑर्डिनेटर की मौजूदगी में चौपाल लगाई गई!

मजदूरों को बताया गया कि यह सरकार मनरेगा अधिनियम में परिवर्तन कर रही है जिसमें पूर्व प्रधानमंत्री डा.मनमोहन सिंह की सरकार ने मजदूरों को काम मांगने का संवैधानिक अधिकार दिया था, अब बह छीन लिया गया है। गांव में प्रधान को पूरी ताकत दी गई थी कि वह अपने गांव में योजनाओं बनाकर मनरेगा का कार्य करें और जिससे गांव के मजदूरों को गांव में ही रोजगार मिले सके। कहा कि मनरेगा के अंतर्गत गांव के मजदूरों को 400 मजदूरी किए जाने की मांग उठाई। कांग्रेसी चाहती है कि मजदूरों की मजदूरी बढ़ाई जाए जिससे कि उनका भरण पोषण हो सके जहां एक तरफ महंगाई बढ़ रही है। वहीं दूसरी ओर मजदूरों की मजदूरी नहीं बढ़ रही है। जनपद का मजदूर बड़े शहरों की ओर पलायन कर रहा है, उसे गांव में कार्य नहीं मिल रहा है जब से यह सरकार आई है। तब से उन्होंने मनरेगा का कार्य में शिथिलता बरती है जिसके कारण मजदूरों को पलायन करना पड़ा हमारे राष्ट्रीय नेतृत्व मल्लिकार्जुन खडग़े, यूपीए चेयरपर्सन सोनिया गांधी, राष्ट्रीय महासचिव उ.प्र. प्रभारी अविनाश पांडे, प्रदेश अध्यक्ष अजय राय एवं मनरेगा प्रभारी उ.प्र. वॉर रूम संजय दीक्षित ने यह मनरेगा बचाओ संग्राम अभियान चला कर मजदूरों की हक की लड़ाई सड़कों पर लड़ी जा रही है। इस दौरान जिलाध्यक्ष डा.रजक ने कहा कि मनरेगा मजदूरों की जीवन रेखा है जो गांव-गांव में चलाई जाती है। और मजदूरों को रोजगार उपलब्ध कराती है जिस तरह गांधी जी ने ग्राम स्वराज की कल्पना की थी यह उसी का मूर्ति रूप है।

### सास और साले की मारपीट

**ललितपुर।** मोहल्ला लकडय़ापुरा निवासी शाकिर पुत्र हरीश उर्फ भूरा ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीती 15 जनवरी को शाम 7 बजे उसकी सास नसीम व साला राहिल उर्फ राहुल पुत्र मुन्ना शेख निवासी आगरा उसके घर आये और अपनी नानी को लेकर अस्पताल में इलाज करा रहा था। अगले दिन 16 जनवरी को सुबह 7 बजे वह घर आया तो सास नसीम व साला राहिल उर्फ राहुल व उसकी पत्नी के घर में रखे 10 हजार रुपये व मां के जेवरात लेकर जाने लगे। विरोध करने पर उक्त लोगों ने उसकी मां के साथ मारपीट कर दी और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने उक्त लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

---

# उप्र सफाई मजदूर संघ ने रिक्त सफाई कर्मी पदों पर नियुक्ति की उठाई मांग

### जिलाधिकारी के द्वारा ज्ञापन सीएम के नाम भेजा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

प्रदेश की निकायों में दो लाख बियालीस हजार तीन सौ स्थायी सफाई कर्मचारियों की भर्ती की मांग से अवगत कराया प्रदेश की नगर निगमों, नगर पालिकाओं एवं नगर पंचायतों का क्षेत्रफल विगत वर्षों में तेजी से बड़ा है।

क्षेत्रफल बड़ने के कारण समस्त निकायों में कर्मचारियों की संख्या में पर्याप्त बड़ोत्तरी नहीं हुई है। जिस कारण प्रदेश की निकायों में तैनात समस्त सफाई कर्मचारियों पर अपने कार्य से अतिरिक्त भार/बोझ देखने को मिलता है। जिस कारण कर्मचारी अपना मानसिक, आर्थिक व शारीरिक शोषण होना महसूस करते हैं। सफाई कर्मचारियों पर अतिरिक्त कार्य का भार/बोझ की वजह से ज्यादातर सफाई कर्मचारी अल्प आयु में ही बीमार व गम्भीर बीमारियों से ग्रस्त होने की सम्भावनायें बनी रहती है। प्रदेश की प्रत्येक नगर निगम में दो-दो हजार, नगर पालिकाओं में पांच-पांच सौ एवं नगर पंचायतों में दो-दो सौ कुल पद संख्या दो लाख बियालीस हजार तीन सौ (242300) सफाई कमचारिओं की स्थायी भर्ती करने की आवश्यकता है नये कर्मचारियों की भर्ती से कर्मचारियों पर पड़ने वाले अतिरिक्त कार्य का भार/बोझ कम होगा, साथ ही स्वच्छ भारत मिशन जैसे महत्वपूर्ण मिशन को सफल बनाने में भी कारगर साबित होगा एवं बाल्मीकि समाज जो आजादी के 79 साल बाद भी विकास की मुख्य धारा से वंचित है उसकी सबसे बड़ी बजह बाल्मीकि समाज में बेरोजगारी है।

सफाई कर्मचारियों की भर्ती से बाल्मीकि समाज के बेरोजगार लोगों को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। जिससे बाल्मीकि समाज को भी विकास की मुख्य धारा से जोड़ा जा सके। अतः मुख्यमंत्री प्रदेश की समस्त निकायों में दो लाख बियालीस हजार तीन सौ सफाई कर्मचारियों की स्थीय भर्ती करने की कृपा करें।

---

# 'हिंदी और साहित्य मां भारती की सेवा के उपकरण'





### हिंदी साहित्य भारती का परिचय सम्मेलन संपन्न

**ललितपुर।** जगदीश मंदिर के पीछे तालाबपुरा में हिंदी साहित्य भारती की एक परिचय गोष्ठी का आयोजन संपन्न हुआ। गोष्ठी का प्रारंभ सोनू बाथम द्वारा गाए भावपूर्ण ध्येय गीत के माध्यम से हुआ। गोष्ठी में अंतरराष्ट्रीय हिंदी साहित्य भारती के अंतर्राष्ट्रीयअध्यक्ष पूर्व शिक्षा मंत्री उत्तर प्रदेश शासन डॉ रवींद्र शुक्ला ने विस्तार से इस संगठन का परिचय सुधी प्रतिभागियों के सम्मुख रखा।

उन्होंने बताया हिंदी और साहित्य मां भारती की सेवा के उपकरण हैं। माँ भारती की सेवा वस्तुतः भारतमाता की सेवा है। हमारे देश में भारतीय ज्ञान परंपरा का समुचित अवदान रेखांकित नहीं किया गया है। भारत का नामकरण उसके निवासियों द्वारा इस ज्ञान परंपरा में संलग्न होने के कारण हुआ। अतः हमारा देश भारत इज़ भारत है इंडिया दैट इज भारत नहीं। डॉ शुक्ला ने धर्मनिरपेक्ष शब्द की व्याख्या करते हुए उसकी असंगति को रेखांकित किया कि धर्म से निरपेक्ष होकर नहीं हुआ जा सकता। हम या तो धर्म के पक्ष में होंगे या इसके उलट अधर्म के पक्ष में। धर्म से निरपेक्ष होकर समाज गतिमान नहीं रह सकता। समाज को अपने पारंपरिक मूल्यों को लेकर आगे बढ़ना चाहिए। भारत की परंपरा में मानवता का स्वागत किया गया है, किंतु दानवता का दलन करना भी हमारी परंपरा का ही हिस्सा है। हिंदी साहित्य भारती वर्तमान में *६ देशों में कार्य कर रही है। देश भर में और उत्तर प्रदेश के विभिन्न ज़िलों में यह संगठन कार्यरत है। जबकि अभी इसको बने हुए मात्र छः वर्ष ही हुए हैं। इस गोष्ठी में प बाबूलाल द्विवेदी मुख्य अतिथि, अखिलेश मालवीय तथा विनोद शर्मा विशिष्ट अतिथि थे। अध्यक्षता हिंदी साहित्य भारती के ज़िलाध्यक्ष गगन चतुर्वेदी ने की। ज़िला कार्यकारिणी की रुपरेखा को प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन अच्युत अवस्थी एवं आभार ज्ञापन राकेश नारायण द्विवेदी ने किया। सुदामा पाठक ने संगठन के पदाधिकारियों की सूची का वाचन किया। प्रदीप मोदी ने अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। कार्यक्रम में मुक्ता सोनी, इं हाकिम सिंह, करुणाकर शर्मा, राजेंद्र प्रकाश, सुबोध सारस्वत, मदन चतुर्वेदी, रामजीवन पटेल, डॉ जगवीर सिंह, हरिनारायण चौबे, नीरज द्विवेदी, नैंसी चतुर्वेदी, पल्लवी, सोनम पुरोहित, पियूषा, लालताराम, अभिषेक पुरोहित, डॉ विनय सोनी, डॉ विशाल जैन, डॉ मधुरेंद्र, पंकज अंगार, राजेश कौशिक, मनीष चतुर्वेदी, आशीष शर्मा, पुष्पेंद्र गौतम, ओमप्रकाश रावत, सौरभ मिश्रा, नीरज गंगेले, गोपाल द्विवेदी सहित गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

---

### ललितपुर में प्रेम, सेवा और मानव एकता के सार्वभौमिक संदेश का होगा प्रसार

# श्री सत्य साईं प्रेम प्रवाहिनी रथ यात्रा का हुआ दिव्य आगमन

**ललितपुर।** भगवान श्री सत्य साईं बाबा, जिन्हें दिव्य प्रेम का अवतार माना जाता है, के शाश्वत संदेश सबसे प्रेम करो, सबकी सेवा करो को जन-जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से श्रीसत्य साईं प्रेम प्रवाहिनी रथ यात्रा का जनपद ललितपुर में भव्य एवं दिव्य आगमन होने जा रहा है। यह यात्रा केवल धार्मिक आयोजन न होकर मानवता, करुणा, सद्भाव और निःस्वार्थ सेवा को समर्पित एक व्यापक आध्यात्मिक अभियान है।

श्री सत्य साई सेवा समिति ललितपुर के जिलाध्यक्ष अजय श्रीवास्तव ने कहा कि श्री सत्य साईं बाबा ने अपने जीवन और उपदेशों के माध्यम से यह स्पष्ट किया कि प्रेम ही ईश्वर है और निःस्वार्थ सेवा ही उसकी सच्ची उपासना है। उन्होंने धर्म, जाति और पंथ से परे मानवता की एकता पर बल देते हुए कहा कि सभी धर्म एक ही सत्य की ओर ले जाते हैं। प्रेम प्रवाहिनी रथ यात्रा इसी सार्वभौमिक दर्शन को मूर्त रूप देते हुए देशभर में हृदय से हृदय तक प्रेम की



ज्योति प्रज्वलित कर रही है। जिलाध्यक्ष ने बताया कि यह दिव्य रथ यात्रा 31 जनवरी 2026 (शनिवार) सायं 7 बजे नगर ललितपुर में प्रवेश करेगी। 01 फरवरी 2026 (रविवार) सुबह 9 बजे नगर ललितपुर में भव्य शोभायात्रा आयोजित की जाएगी। इसी दिन सायं 4 बजे से भजन संध्या का आयोजन होगा। 02 फरवरी 2026 (सोमवार) सुबह 9 बजे रथ यात्रा ललितपुर से मध्य प्रदेश के लिए प्रस्थान करेगी। यह सम्पूर्ण कार्यक्रम अग्रवाल रेजीडेंसी, मां शारदा मंदिर के सामने, आजादपुरा, ललितपुर में आयोजित किया गया है। उन्होने कहा कि बाबा ने अपने जीवन में मानवता की एकता का संदेश दिया। श्रीसत्य साईं प्रेम प्रवाहिनी रथ यात्रा भगवान श्री सत्य साईं बाबा के उस सार्वभौमिक उद्घोष को जनमानस तक पहुंचाती है कि केवल एक ही जाति है वह है मानवता की जाति, केवल एक ही भाषा है जो है हृदय की भाषा, केवल एक ही धर्म है वह प्रेम का धर्म और केवल एक ही ईश्वर है जो सर्वव्यापी है। यह यात्रा समाज को निःस्वार्थ सेवा, करुणा एवं सामूहिक सद्भाव की दिशा में प्रेरित करेगी। श्रीश्रीवास्तव ने कहा कि इस कार्यक्रम का आयोजन श्री सत्य साईं सेवा समिति, जनपद ललितपुर (उ.प्र.) द्वारा किया जा रहा है। समिति ने जनपद के समस्त नागरिकों, सामाजिक संगठनों एवं श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे इस आध्यात्मिक अवसर में सहभागिता करें।

---

### महिला एवं बाल विकास सुरक्षा संगठन का आयोजन

# कुरीतियों के खिलाफ चलाया जागरुकता अभियान



**ललितपुर।** एडीजी महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन लखनऊ के पत्र अनुक्रम में ऑपरेशन रक्षा विशेष अभियान में एसपी मो.मुश्ताक के निर्देशन, एएसपी/नोडल अधिकारी कालू सिंह, सीओ यातायात राजेश कुमार श्रीवास्तव के कुशल मार्गदर्शन में थाना एएचटी से उ.नि. मंसूर अंसारी, म.का.कल्पना बाजपेयी, म.का.अंजू यादव, बाल कल्याण समिति से रविनारायण चौबे, जिला प्रोबेशन से जयराम, चाइल्ड लाइन से शिवम शुक्ला की संयुक्त टीम ने क्षेत्र में ब्यापक रुप से जागरुकता अभियान चलाकर महिलाओं पुरुषों एवं बच्चों को बाल विवाह, बालश्रम, बाल भिक्षावृत्ति उन्मूलन, बंधुआ मजदूरी तथा आपरेशन रक्षा अभियान, मानव तस्करी रोकथाम के सबंध में जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया, जिसमें वहां पर उपस्थित लोगो को शासन एंव प्रशासन द्वारा जारी टोल फ्री हेल्प लाइन नम्बर 1090, 1098, 108, 102, 112, 1076, 1930 व 181 आदि के सम्बन्ध में जानकारी दी गयी। बाल मजदूरी, बंधुआ मजदूरी, बाल विवाह, बाल उत्पीडन एवं किसी भी तरह की उत्पीडन व परेशानी से तत्काल पुलिस सहायता के सम्बन्ध में बच्चो को जागरुक कर बताया कि किसी भी लडकी का 18 वर्ष से कम व लडके का 21 वर्ष से कम उम्र विवाह करना कानूनी अपराध है, जिसमें बालक-बालिकाओं को बाल विवाह से होने वाले दुष्प्रभाव तथा समस्त लाभकारी योजनाओं, आत्मरक्षा एवं गुड टच, बैड टच, और बच्चों के प्रति शोषण आदि के बारे में व्यापक प्रचार प्रसार किया। होटलों में महिला सशक्तिकरण के तहत मानव तस्करी के सम्बन्ध में आपरेशन रक्षा के तहत सर्च अभियान चलाया।

---

# सड़क सुरक्षा जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन

### नुक्कड़ सभा के माध्यम से किया जागरूक

**ललितपुर।** के०पी०एस० पी०जी कॉलेज ककरूआ ललितपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना के अन्तर्गत सड़क सुरक्षा विषय पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें स्वयं सेवकों ने नुक्कड़ नाटक, लघु नाटिका एवं भाषण प्रतियोगिता के माध्यम से सडक सुरक्षा के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। कार्यकम का शुभारम्भ कॉलेज की डॉयरेक्टर डॉ० लतिका सुडेले, प्राचार्य डॉ० राजेन्द्र प्रकाश, मुख्य अतिथि डॉ० वारिश द्विवेदी जी, राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी प्रभांशु नगाइच, सहायक कार्यकम अधिकारी दिनेश श्रीवास्तव, सड़क सुरक्षा प्रभारी पुष्पेन्द्र पुरोहित एवं सहायक प्रभारी राजकुमार पटेल ने माँ सरस्वती के चित्र पर मार्त्यापण एवं दीप प्रज्ज्वलित करके किया।

डॉ० लतिका सुडेले ने अपने सम्बोधन में कहा कि छात्र-छात्राएं वाहन चलाते समय हेलमेट / सीट बेल्ट का प्रयोग अवश्य करें, एवं नियंत्रित गति से वाहन चलायें। वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करें। प्राचार्य डॉ० राजेन्द्र प्रकाश ने कहा कि नाबालिग छात्र-छात्राएं वाहन का प्रयोग न करें। सडक पार करते समय दोनों ओर देख कर ही पार करें। आईक्यूएसी० प्रभारी प्रभांशु नगाइच ने कहा कि कभी भी शराब पीकर वाहन न चलायें और गति सीमा का ध्यान रखें। कार्यक्रम का संचालन प्रवक्ता दीपक जैन ने किया और राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी प्रभांशु नगाइच ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में असि०प्रो० दिनेश श्रीवास्तव, डॉ० साकेत कुमार, दीपक जैन, भानूप्रताप सिंह, रानी देवी, छाया तिवारी, अनीता साहू, नेहा श्रीवास्तव, ज्योति रानी, पुष्पेन्द्र पुरोहित, केहर राही, निधि जैन, जगतराज, राजकुमार पटेल, पंकज पटैरिया, रवीन्द्र कुमार अभिषेक शुक्ला, अमित कुमार आदि मौजूद थे।

---

### संबंधित फार्मों में स्पष्ट कारण अंकित किए जाने के निर्देश

# एसआईआर में बीएलओ व सुपरवाईजरों को आ रही समस्याओं के निदान कार्यशाला में दूर करना बताए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



भारत निर्वाचन आयोग एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सत्य प्रकाश के निर्देशानुसार सोमवार को विधानसभा निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 के अंतर्गत बीएलओ व सुपरवाईजरों को आ रही समस्याओं के समाधान हेतु वृहद कार्यशाला का आयोजन कल्याण सिंह सभागार में किया गया। कार्यशाला के दौरान विधानसभा ललितपुर व महरौनी के समस्त बीएलओ व सुपरवाईजरों ने प्रतिभाग किया।

यहां पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी अंकुर श्रीवास्तव ने एसआईआर के अंतर्गत एएसडी मतदाताओं की मैपिंग में आ रही समस्याओं के समाधान पर विस्तृत जानकारी दी। इसके फार्म 6, 7 व 8 के सम्बंध में बिंदुवार फार्म भरने की प्रक्रिया को पीपीटी के माध्यम से समझाया गया। बताया गया कि जो मतदाता एसआईआर के प्रथम चरण में छूट गए हैं, उनकी मैपिंग के लिए गांव-गांव में अभियान चल रहा है, जिसमें ऐसे पात्र मतदाताओं का फार्म 6 भरवाया जा रहा है। इस सम्बंध में निर्वाचन आयोग के स्पष्ट निर्देश हैं कि कोई भी वैद्य मतदाता छूटने न पाये, इसके लिए शहरी एवं ग्रामीण स्तर पर अभियान चलाकर भ्रान्तियों को दूर किया जाए। इसके साथ ही नौ मैपिंग मतदाताओं को नोटिस प्राप्त कराकर मौके पर ही उनसे सम्बंधित दस्तावेज प्राप्त करें और उनका फार्म भरवाएं, मतदाताओं को ऐसा नहीं लगना चाहिए कि इस कार्यवाही से उन्हें किसी भी प्रकार की जानी होने की संभावना है। उन्होंने यह भी कहा कि एएसडी मैपिंग के दौरान डुप्लीकेट, शिफ्टेड व मृतक मतदाताओं के सम्बंध में उनके फार्मों पर स्पष्ट कारण लिखा जाए, ताकि मैपिंग व फीडिंग के दौरान कोई समस्या न आए।

कार्यशाला में मास्टर ट्रेनर महेन्द्र कुमार ने सभी बीएलओ व सुपरवाईजरों को फार्म 6, 7 व 8 को भरने की पूरी प्रक्रिया के बारे में विस्तृत जानकारी दी, नो मैपिंग मतदाताओं को नोटिस दिये जाने, गणना प्रपत्रों में फोटो अपलोड की स्थिति एवं गणना प्रपत्र भरने सम्बंधी जानकारी प्रदान की गई। इसमें बीएलओ व सुपरवाईजरों के प्रश्न के उत्तर दिए। एसआईआर के दौरान दिवंगत बीएलओ के लिए 2 मिनट तक मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी गई।

### जनसुनवाई में पहुंचे ग्रामीणों ने बावड़ीचापा में लगे क्रेशर को हटाने की लगाई गुहार

# साहब! पहले कहा था कॉलेज बनाएंगे, लेकिन लगा दिया क्रेशर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ श्योपुर

साहब! चार चार क्रेशर हमारी बस्ती में लगा दिए और हमने या ग्राम पंचायत ने एक भी क्रेशर लगाने की स्वीकृति नहीं दी है। ग्रामीणों और ग्राम पंचायत के ठहराव के बिना कोई क्रेशर नहीं लग सकता। हमारी मर्जी के खिलाफ ग्राम पंचायत का फर्जी ठहराव बनाकर क्रेशर लगा दिए गए हैं। जो साइलो सेंटर हमारी जमीन को छीन कर लगाया गया था उसके बंद हो जाने के बाद पहले तो हमें बताया कि यहां कॉलेज बनाया जाएगा, ताकि आपके बच्चे पढ़ लिखकर अफसर बन सकें लेकिन अब वहां भी क्रेशर लगाया जा रहा है। राजनीतिक सांठगांठ और ग्रामीणों की सहमति के बिना लगाए जाने वाले इन क्रेशर को लोगों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए तत्काल हटाया जाए। यह बात जनपद पंचायत कराहल की ग्राम पंचायत बावडीचापा से जनसुनवाई में पहुंचे ग्रामीणों ने कलेक्टर अर्पित वर्मा को आवेदन देते हुए मौखिक रूप से बताई।



#### अजीबो गरीब शिकायत

जनसुनवाई में बैंक के खिलाफ ऐसी शिकायत मिली कि कलेक्टर भी आश्चर्य चकित रह गए। दरअसल ग्रामीण छोटू पुत्र रामप्रसाद निवासी फूलदा ने उन्हें बताया कि उसे ग्राम पंचायत ने पात्र हितग्राही मानते हुए उसका चयन पीएम आवास योजना के लिए करते हुए उसके बैंक अकाउंट पीएम आवास योजना की राशि भी डाल दी। वह पैसे निकाल कर मकान बनाता इससे पहले ही बैंक ने राशि केसीसी खाते में जमा कर ली। अब बैंक मकान बनाने के लिए रुपए तो दे ही नहीं रही है साथ ही पंचायत सचिव मकान बनाने का दवाब बना रहा है। सचिव मेरे ऊपर एफआईआर दर्ज करवाने की धमकी दे रहा है। साथ ही आवेदक ने बताया कि उसने पंजाब नैशनल बैंक वाले खाते में राशि डाले जाने को कहा था लेकिन पंचायत सचिव ने जानबूझकर एसबीआई वाले खाते में राशि डाली जो बैंक वालों ने जब्त कर ली।

जनसुनवाई में पहुंचे ग्रामीणों ने कलेक्टर अर्पित वर्मा को बताया कि उनके गांव में शतप्रतिशत आदिवासी निवास करते हैं और कम पढ़े लिखे अथवा अनपढ़ हैं। इसका लाभ कुछ अवसरवादी लोग उठाकर गांव में क्रेशर लगा रहे हैं जो ग्रामीणों की सेहत खराब कर रहे हैं। ग्रामीणों द्वारा दिए गए ज्ञापन में उल्लेख किया है कि ग्राम पंचायत बावडी चापा के मौजा में स्थित भूमि सर्वे क्रमांक 4194, 4195, 4196 आदि सर्वे नम्बरान जिन पर पूर्व में हम ग्रामीणजन लम्बे समय से खेती किसानी करते चले आ रहे थे कि शासन ने सभी ग्रामीणजनों से थोड़ी थोड़ी जगीन सायलो बेग के लिए यह कहकर छीन ली थी कि जब दो-चार साल में सायलो बन्द हो जाएगा तब सभी के नाम भूमि के पट्टे वितरित किये जावेगें परन्तु तीन वर्षों से सायलो बन्द पड़ा है और हमें पट्टे नहीं देकर अन्य व्यक्तियों को केशर लगाने की अनुमति दे दी है जो हमारी सेहत बिगाड़ रहा है क्रेशर की उड़ती धूल से पूरा गांव बीमारी की चपेट में है। ग्रामीणों ने उनकी सहमति के बिना केशर लगाने की अनुमति निरस्त करने की मांग की है।

#### 190 आवेदकों ने सुनाई कलेक्टर को फरियाद

मंगलवार को कलेक्टर ने जनसुनवाई के साथ जल सुनवाई करते हुए 190 लोगों की फरियाद सुनते हुए तत्काल निराकरण किया। इस दौरान उन्होंने ग्राम जमूदी निवासी पातीराम कुशवाह, ग्राम बगवाज निवासी सुशीला विश्वकर्मा को मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल योजना के तहत 4-4 लाख रूपये की राशि देने के निर्देश दिए जिसका ईपीओ पूर्व में जारी हो चुका था। पातीराम द्वारा अपनी पत्नि स्व. रामा बाई कुशवाह तथा सुशीला विश्वकर्मा द्वारा अपने पति स्व. लखन विश्वकर्मा की दुर्घटना में मृत्यु होने पर संबल योजना के तहत आवेदन प्रस्तुत कर अनुग्रह सहायता राशि दिये जाने की मांग की गई थी। इसी प्रकार ग्राम किन्नपुरा निवासी लीला बाई के आवेदन परीक्षण उपरांत जानकारी प्रदान की गई कि संबल योजना के तहत दो लाख रूपये की राशि का ईपीओ जारी हो चुका है तथा शीघ्र ही बैंक खाते के माध्यम से राशि प्राप्त होगी। हितग्राही महिला द्वारा अपने पति स्व. रामदयाल जाटव की सामान्य मृत्यु पर मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल योजना अंतर्गत आवेदन प्रस्तुत कर अनुग्रह सहायता राशि दिये जाने की मांग की गई थी। ग्राम राडेप निवासी बबलू आदिवासी को भी जानकारी दी गई कि उनकी पत्नि स्व. ममता बाई आदिवासी की सामान्य मृत्यु पर योजना के तहत दो लाख रूपये की अनुग्रह सहायता राशि स्वीकृत की गई। सोठवा निवासी प्रभुदयाल बैरवा को जनसुनवाई के दौरान मौके पर ही इंदिरा गांधी वृद्धावस्था पेंशन का लाभ दिया गया। योजना के तहत लाभ प्राप्त करने की पात्रता 60 वर्ष से अधिक आयु होना जरूरी है।

### घायलों में सास बहू भी शामिल, तीन पर एफआईआर दर्ज

# सोंईकलां में पुरानी रंजिश को लेकर झगड़ा कस्सी फावड़े से बोला हमला, चार घायल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ श्योपुर

देहात थाना क्षेत्र के सोंईकलां कस्बे के गौड मोहल्ले में मंगलवार की सुबह पुरानी रंजिश को लेकर विवाद हो गया। विवाद के दौरान नामजद आरोपियों ने एक राय होकर एक परिवार के लोगों पर कस्सी फावडो से हमला कर दिया। मारपीट करने का वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हो रहा है। इस हमले के दौरान दो बेटो और सास, बहू समेत चार बुरी तरह घायल हो गए। सभी घायलों को पुलिस की डायल 112 की मदद से इलाज के लिए जिला अस्पताल में दाखिल कराया गया। इस मामले में देहात थाना पुलिस ने आरोपी पिता पुत्र समेत तीन लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर लिया है।

देहात थाना प्रभारी राहुल रघुवंशी ने बताया कि सोंईकलां निवासी शीला पत्नी पुरूषोत्तम गौड ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि मंगलवार की सुबह हमारे परिवार के लोगों पर पुरानी रंजिश को लेकर कैलाश गौड़, नरेश गौड़ और लोकेश गौड़ ने अचानक हमला किया। हमला लाठी-डंडो, कस्सी-फावडे जैसे हथियारों का प्रयोग किया गया। इस दौरान आरोपियों ने महिलाओं की भी जमीन पर पटककर मारपीट की गई। विवाद के दौरान शीला गौड सहित उसके पति पुरूषोत्तम गौड, देवर सुनील गौड तथा सास संतोष बाई समेत चार लोग घायल हो गए। घायलों के सिर, हाथ पैर सहित शरीर में कई स्थानों पर चोटे आई है। घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल में दाखिल कराया गया। इस मामले में शीला गौड की रिपोर्ट पर कैलाश गौड, नरेश गौड, लोकेश गौड के खिलाफ मारपीट की धाराओं में केस दर्ज कर लिया है।



#### पहले भी हो चुका है झगड़ा

पुलिस के मुताबिक दोनो परिवार के लोगों के बीच पुरानी रंजिश चल रही है। पुरानी रंजिश को लेकर इनके बीच पहले वर्ष 2023 में भी झगडा हो चुका है। उस समय हुए विवाद की एफआईआर भी देहात थाने में दर्ज है। अब पुरानी रंजिश को लेकर एक बार फिर से इनके बीच यह विवाद हुआ है।

### समीक्षा बैठक में कलेक्टर बोले नेचुरल फार्मिंग का क्रियान्वयन समय सीमा में करें

# कम प्रगति पर नाराज हुए कलेक्टर 23 अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▸▸ श्योपुर

नेचुरल फार्मिग प्रोजेक्ट का क्रियान्वयन समय सीमा में किया जायें, प्राकृतिक खेती के कलस्टर विकसित करने की इस योजना में लापरवाही बर्दाश्त नही की जायेगी। यह निर्देश कलेक्टर अर्पित वर्मा ने मंगलवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में प्राकृतिक खेती को लेकर आयोजित समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए दिए। समीक्षा के दौरान प्रगति कम पाए जाने पर कलेक्टर अर्पित वर्मा ने खासी नाराजगी व्यक्त करते हुए 23 अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए,। कलेक्टर ने कहा कि सभी एसएडीओ प्रोजेक्ट से संबंधित गतिविधियों के फोटो प्रतिदिन गुरप पर शेयर करेंगे। इसके बावजूद भी स्थिति संतोषप्रद नही हुई तो कडी कार्यवाही की जायेगी। समीक्षा बैठक में सीईओ जिला पंचायत सौम्या आनंद, डीडीए जीके पचौरिया, सहायक संचालक कृषि मुनेश शाक्य, कृषि विस्तार अधिकरी अरूण शाक्य सहित कृषि विभाग के एसएडीओ एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि प्राकृतिक खेती के लिए जिले में 25 कलस्टर बनाये जाने है, जिसमें 8 कलस्टर श्योपुर, 7 कलस्टर कराहल एवं 4 कलस्टर विजयपुर में विकसित किये जाने है। प्रोजेक्ट के तहत कुल 1250 हेक्टयर भूमि शामिल की गई है। इस भूमि पर 3125 किसानों का चयन प्राकृतिक खेती के लिए किया गया है। उन्होंने कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि मैदानी अमले एवं प्राकृतिक खेती के लिए चयनित 50 सखियों के माध्यम से कियानों को जैविक एवं प्राकृतिक खेती के लिए संसाधन एवं तकनीकी जानकारी उपलब्ध कराई जायें। इसी प्रकार प्राकृतिक खेती के लिए आवश्यक जैविक खाद, जीवामृत, बीजामृत आदि बायो सामग्री उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 17 स्थानों पर बायो रिसोर्स सेंटर बनाये जाने है, जिसके लिए हितग्राहियों का चयन किया जायें, यह सेंटर श्योपुर में 06, कराहल में 07 और विजयपुर में 04 स्थानों पर बनेगे। बीआरसी स्थापित करने के लिए एक लाख रूपये की अनुदान राशि भी हितग्राहियों को उपलब्ध कराई जायें। उप संचालक कृषि जीके पचौरिया ने जानकारी दी कि बायो रिसोर्स सेंटर के लिए 06 आवेदन प्राप्त हुए है तथा प्रक्रिया चल रही है, सभी 3125 किसानों का चयन का कार्य भी पूरा कर लिया है तथा प्राकृतिक सखी भी चयनित की गई है। फील्ड लेबल पर कार्य शुरू कर दिया गया है।




#### इन अधिकारियों को दिए गए नोटिस

प्रगति संतोषप्रद नही पाये जाने के चलते कलेक्टर के द्वारा कृषि विभाग के जिन 23 अधिकारियों को एक-एक वेतनवृद्धि रोकने हेतु कारण बताओ नोटिस जारी किए गए है, उनमें वरिष्ठ कृषि विकास कराहल अधिकारी राजू जाटव, एसएडीओ श्योपुर शरद रघुवंशी, एसएडीओ विजयपुर विष्णु राठौर, कृषि विस्तार अधिकारी एवं प्रभारी बीटीएम कराहल कैलाश सिंह जाटव, कृषि विस्तार अधिकारी एवं प्रभारी बीटीएम श्योपुर राजेन्द्र मीणा, ब्लॉक टेक्नोलॉजी मैनेजर विजयपुर भूपेन्द्र धाकड, कृषि विस्तार अधिकारी संजू कुमार शाक्य, सागर खानवा, सचिन बिरला, पुरूषोत्तम मीणा, शारदा जाटव, देशराज सेमिल, विजय सेमिल, नान सिंह किराडे, रमन गौर, शिव सिंह, गंगादीन माहौर, जय सिंह जमोरिया, सुरेश कुमार बंसल, धरमा सेमले, दिनेश बारिया, राजाराम जाटव, हरतुम धाकड शामिल है।

### श्योपुर कोर्ट ने सुनाया फैसला, 30 हजार रुपए का अर्थदंड भी लगाया

# घर में घुस कर दुष्कर्म करने वाले पटवारी को 10 साल का कठोर कारावास

हरिभूमि न्यूज ▸▸ श्योपुर

घर में घुसकर रेप करने के मामले में दोषी पटवारी को श्योपुर के तृतीय अपर सत्र न्यायालय ने 10 साल के कठोर कारावास और 30 हजार रुपए के अर्थदंड की सजा सुना दी है। रेप का यह मामला ढोढर थाना क्षेत्र में करीब 11 माह पहले घटित हुआ था। इस मामले में शासन की ओर से पैरवी विशेष लोक अभियोजक राजेन्द्र जाधव ने की।

मामले के मुताबिक ढोढर थाना क्षेत्र में यह मामला 8 फरवरी 2025 को रात्रि 9 बजे के दौरान तब सामने आया, जब इस क्षेत्र के हल्के में पदस्थ पटवारी प्रदीप पुत्र जनवेद आदिवासी निवासी मेहरा तहसील पोहरी जिला शिवपुरी केसीसी काम के संबंध में ओटीपी लेने के लिए महिला के घर में घुस गया। घर में महिला अकेली थी, क्योंकि उस समय महिला का पति मजदूरी करने के लिए घर से बाहर था, जबकि उसके दोनों बच्चे भी सो गए। इस दौरान पटवारी ने महिला को अकेला पाकर उसके साथ जबदरस्ती बलात्कार कर दिया। पीड़ित महिला ने इस मामले की शिकायत पति के घर लौटने पर ढोढर थाने में दर्ज कराई। पुलिस ने पटवारी प्रदीप आदिवासी के खिलाफ मामला दर्ज कर चालान श्योपुर न्यायालय में प्रस्तुत किया। तृतीय अपर सत्र न्यायालय ने इस मामले में विचारण के दौरान आरोपी पटवारी प्रदीप आदिवासी को दोषी मानते हुए मंगलवार को 10 साल के कठोर कारावास और 30 हजार रूपए के जुर्माने की सजा सुना दी।



# अब 28 को होगी नपाध्यक्ष रेनू से जुड़े मामले में सुनवाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸ श्योपुर

नपा अध्यक्ष रेनू राठौर पावरलेस रहेंगी या पावर में लौटेंगी अथवा उनके खिलाफ या उनके समर्थन में अदालत कोई फैसला सुनाएगी। इस उम्मीद पर लोग मंगलवार को दिन भर अदालत की कार्रवाई का इंतजार करते रहे लेकिन शाम 4 बजे खबर आई कि न्यायाधीश ने अब सुनवाई को 28 जनवरी तक बढ़ा दिया है। अब इस मामले में जो भी फैसला होगा वह 28 जनवरी को सुनवाई के बाद लिया जाएगा।

विगत तीन माह से नगर पालिका में अध्यक्ष रेनू राठौर के पावर लेस होने के कारण सारी व्यवस्थाएं गड़बड़ा गई हैं। वार्डों में विकास कार्य नहीं हो रहे हैं ठेकेदारों को भुगतान नहीं हो पा रहा है कर्मचारियों को भी वेतन देने में अड़चन आ रही है। ज्ञात हो की तीन माह पहले अदालत में चल रहे हैं एक प्रकरण में न्यायाधीश अहलूवालिया की अदालत में नपा अध्यक्ष को पावर लेस घोषित कर दिया था जिसके खिलाफ वह पहले हाई कोर्ट के डबल बेंच में ग्वालियर पहुंची वहां राहत नहीं मिलने पर वह सुप्रीम कोर्ट भी गई लेकिन यहां से भी उन्हें राहत नहीं मिली तो वह अपना केस को वापस कराकर ग्वालियर हाईकोर्ट में ले आई। तब से लेकर अब तक कई बार तारीख है बढ़ चुकी है पर इस मामले में निर्णय फिलहाल नहीं आया है।

#### ऑटो चालकों को ट्रैफिक पुलिस ने बताए सुरक्षित ड्राइविंग करने के तरीके

**श्योपुर।** राष्ट्रीय सडक सुरक्षा माह अभियान के अंतर्गत ट्रैफिक थाना पुलिस ने मंगलवार को यातायात थाने में एक प्रशिक्षण कार्यक्रम में आयोजित किया, जिसमें शहर के 150 ऑटो चालक शामिल हुए। प्रशिक्षण में शामिल हुए ऑटो चालको को ट्रैफिक थाना प्रभारी संजय सिंह राजपूत, सूबेदार भगवत प्रसाद, अनिल बाथम ने प्रशिक्षण के दौरान यातायात नियमों के बारे में बताते हुए उन्हें सुरक्षित ऑटो संचालन करने के तरीके भी समझाए। वहीं रोड सेफ्टी एवं राहवीर योजना, हिट एंड रन योजना के संबंध में भी जरूरी जानकारी प्रदान की। इसके साथही ऑटो चालको को यह भी हिदायत दी कि यातायात नियम तोडकर ऑटो का संचालन किया तो कार्रवाई की जाएगी।



# 9 सूत्रीय मांगों को लेकर आज ज्ञापन सौंपेगा पेंशनर महासंघ

**श्योपुर।** अपनी 9 सूत्रीय मांगों को लेकर सेवा निवृत्त अधिकारी कर्मचारी पेंशनर महासंघ की श्योपुर जिला इकाई बुधवार को शाम 4:30 बजे मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन कलेक्टर श्योपुर को सौंपेगा। यह जानकारी सेवा निवृत्त अधिकारी कर्मचारी पेंशनर महासंघ की श्योपुर जिला इकाई ने देते हुए बताया कि यह ज्ञापन प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार दिया जा रहा है। ज्ञापन सौंपने के दौरान जिले के सभी पेंशनरों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने का आग्रह किया गया है।

### जिला जेल श्योपुर में बंदियों के लिए शुरू हुआ सिलाई प्रशिक्षण

# बंदी सीखेंगे ड्रेस मैकिंग करना, रिहाई के बाद स्थापित कर सकेंगे खुद का रोजगार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ श्योपुर

जिला जेल श्योपुर में निरूद्ध बंदी अब ड्रेस मैकिंग करना सीखेंगे। इसके लिए उन्हें प्रशिक्षण दिया जाएगा। ताकि प्रशिक्षित होकर जेल से रिहा होने के बाद अपना खुद का रोजगार स्थापित कर सके। एक माह तक दिए जाने वाले इस प्रशिक्षण की मंगलवार से शुरूआत कर दी गई है। जिला जेल में आयोजित इस सिलाई प्रशिक्षण के शुभारंभ अवसर पर बीईओ श्योपुर मधु शर्मा, जेल अधीक्षक प्रभात कुमार, जन शिक्षण संस्थान के कार्यक्रम अधिकारी राजेश मीणा एवं सहायक कार्यक्रम अधिकारी कुसुम जादौन, शिक्षक आनंद दीक्षित एवं प्रशिक्षक सिलाई प्रशिक्षण कमलेश बैरवा आदि जेल स्टॉफ उपस्थित रहें। जेल अधीक्षक प्रभात कुमार ने बताया कि जन शिक्षक संस्थान के निदेशक अजय सक्सैना के निर्देशन में जेल में निरूद्ध बंदियों के लिए एक माह का प्रशिक्षण शुरू किया गया है, जिसमें बंदियों को ड्रेस मैकिंग का प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा, जिससे बंदी रिहाई के उपरांत स्वावलंबन की दिशा में रोजगार स्थापित कर सकते है।



### क्षेत्रीय लोग उठा रहे सड़क मरम्मत की मांग, जिम्मेदार साधे हैं चुप्पी

# जर्जर हालत में पहुंची गोहेडा सोंठवा सड़क परेशानी भोग रहे दर्जनभर गांवों के ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ▸▸ श्योपुर

श्योपुर विकासखंड क्षेत्र में गोहेडा से सोंठवा तक बनी सडक इन दिनों काफी जर्जर हाल में पहुंच गई है। इस जर्जर सडक पर सफर करना काफी कष्टदायक बन गया है। लेकिन इसके बाद भी इस जर्जर सडक की मरम्मत नहीं कराई जा रही है। खास बात यह है कि क्षेत्र के लोग काफी समय से इस जर्जर सडक की मरम्मत कराए जाने की मांग उठा रहे है, लेकिन जिम्मेदार विभागीय अधिकारी इस दिशा में चुप्पी साधे हुए नजर आ रहे है। जिसकारण इस क्षेत्र के करीब दर्जनभर गांवों के ग्रामीण परेशानी भोगने को मजबूर हो रहे है।

यहां बता दें कि करीब दस साल पहले सोंठवा से गोहेडा तक प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना विभाग के द्वारा बनाई गई। क्षेत्रीय ग्रामीणों की माने तो इस सडक के निर्माण के लिए काफी समय से आवाज उठाई गई थी, तब कहीं जाकर यह सडक बन पाई है। लेकिन इस सडक को बने अब करीब 10 साल हो गए है। जिसके चलते यह सडक अब पूरी तरह उखड गई है। हाल यह है कि इस सडक से कहीं डामर गायब हो गया है तो कहीं गड्ढे पढ गए है। जिसके चलते इस सडक से गुजरना क्षेत्रीय लोगों के लिए काफी परेशानी दायक साबित हो गया है। ऐसे में इस सडक की मरम्मत जल्द कराए जाने की जरूरत है। हालांकि सडक की मरम्मत कराए जाने की मांग काफी समय से उठाई जा रही है, लेकिन इसके बाद भी जिम्मेदार विभागीय अधिकारी इस तरफ कोई ध्यान क्यों नहीं दे रहे है, यह गंभीर विचारणीय बात है।



#### रात में दुर्घटनाग्रस्त भी हो रहे बाइक सवार

सोंठवा भोगिका सडक जगह जगह गड्ढे भी हो गए है। जो इस सडक पर हादसों का कारण भी बन रहे है, क्योंकि रात्रि के दौरान बाइक सवार लोग इन गड्ढो के कारण बाइकों का संतुलन बिगडने से दुर्घटना का शिकार भी हो रहे है। सडक दुर्घनाए न हो, इसके लिए भी इस क्षेत्र के लोग इस सडक की मरम्मत जल्द कराए जाने की मांग उठा रहे है।

#### स्टेट हाइवे को नेशनल हाइवे 552 से जोड़ती है यह सड़क

गोहेडा से सोंठवा तक बनी यह सडक इस क्षेत्र की प्रमुख सडक है, जो न केवल इस क्षेत्र के करीब दर्जनभर गांवों ढोटी, आसीदा, कंवरसली, बमूंलीगुसाई, गोहेडा, जारेला, पीलिया का टपरा, सोंठवा, फतेहपुर, भोगिका, रामबडौदा आदि गांवों का सफर सुगम बनाती है, बल्कि यह सडक श्योपुर कोटा स्टेट हाइवे को ढोटी गांव के पास से सीधे भोगिका पर टोंक चिरगांव नेशनल हाइवे 552 से जोडती है। जिसके चलते श्योपुर कोटा स्टेट हाइवे पर ढोटी आसीदा और गोहेडा क्षेत्र के गांवों के ग्रामीण इस सडक के जरिए सीधे सोंठवा होते हुए सुविधाजनक तरीके से भोगिका पर पहुंच जाते है। यदि यह सडक न हो तो इस क्षेत्र के लोगो को भोगिका पर आने के लिए लंबा फेर खाना पडेगा।

#### जल्द होनी चाहिए मरम्मत

इस क्षेत्र की यह प्रमुख सडक है, जो इन दिनों काफी जर्जर हाल में पहुंच गई है। सडक के जर्जर होने से आए दिन हादसे घटित हो रहे हैं। जल्द ही सडक की मरम्मत होनी चाहिए।

**ऋषि मीणा**
**निवासी सोंठवा**

इस सड़क की जल्द मरम्मत होनी चाहिए। इसके लिए काफी समय से मांग उठाई जा रही है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी इस क्षेत्र की इस प्रमुख मांग की तरफ कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं।

**रामअवतार मीणा**
**निवासी गोहेडा**



#### जैनी में बुजुर्गों ने खेली क्रिकेट और कबड्डी, विजयपुर में बच्चों ने बनाई रंगोली

**श्योपुर।** आनंद उत्सव अंतर्गत मंगलवार को जैनी में बुजुर्गों ने क्रिकेट खेल का आनंद लिया और युवाओं ने कबड्डी खेल में हाथ आजमाएं साथ ही जैनी गांव के रामचरण मीणा ने क्रिकेट खेलते हुए कहा कि वाकई आज तो मजा आ गया आनंद उत्सव लोगों के जीवन में आनंद ला रहा है। इसी के साथ विजयपुर शहरी क्षेत्र स्थित राजीव गांधी पब्लिक स्कूल में छात्र-छात्राओं ने रंगोली बनाकर आनंद उत्सव अंतर्गत गतिविधियों में सहभागिता की। जैनी में आयोजित कार्यक्रम के दौरान ग्राम पंचायत के सरपंच रामभरत मीना, सचिव शैलेंद्र पाराशर, ग्राम रोजगार सहायक धनजीत मीणा एवं हाई स्कूल के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहें। विजयपुर में आयोजित कार्यक्रम के अवसर पर उपयंत्री महेंद्र गर्ग, नगर परिषद विजयपुर एवं योजना प्रभारी जितेंद्र कुमार उपाध्याय तथा स्कूल संचालक सुनील त्रिवेदी तथा राजीव गांधी पब्लिक स्कूल के छात्र छात्राओं की उपस्थिति रही।

## खबर संक्षेप



### एमपी ई-सेवा पोर्टल एवं परख पोर्टल का प्रशिक्षण आयोजित

**अशोकनगर।** कलेक्टर आदित्य सिंह के निर्देशानुसार नागरिकों को शासन की योजनाओं का लाभ लेने हेतु तैयार किए गए एकल सेवा पोर्टल एमपी ई-सेवा पोर्टल का प्रशिक्षण जिले के विभिन्न विभागों के अधिकारी/कर्मचारियों को ई-दक्ष केंद्र में आयोजित किया जा रहा है।इस पोर्टल के माध्यम से नागरिक 56 विभागों की 500 से अधिक सेवाओं हेतु आवेदन कर सकते। समग्र आईडी के माध्यम से अपनी पात्रता की जांच कर सकता है एवं विभिन्न जारी प्रमाण पत्रों को डाउनलोड कर सकता है। प्रशिक्षण के दौरान परख पोर्टल एवं एसएसओ पोर्टल का भी प्रशिक्षण दिया जा रहा है। परख के माध्यम से अधिकारी निरीक्षण/औचक निरीक्षण/सर्वेक्षण कर जानकारी को पोर्टल मे दर्ज कर सकते हैं। एसएसओ पोर्टल के माध्यम से जिला अधिकारी अपने विभाग के विभिन्न पोर्टल को एक प्लेटफॉर्म पर जोड़कर रख सकते हैं एवं इसी पोर्टल के माध्यम से उपयोग कर सकते हैं।

### घर से चांदी की जेवर व नकदी चोरी

**अशोकनगर।** जिले के नईसरायं थाने के अंतर्गत ग्राम रांठ निवासी राजीव रघुवंशी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि राहुल रघुंवशी 15 से 18 जनवरी के बीच उसके घर से चांदी की चैन व नगदी 20 हजार रूपए चोरी कर ले गया। पुलिस ने नामजद मामला दर्ज किया है।

### जुए के दो अड्डों पर छापामार कार्रवाई

**अशोकनगर।** जिले के ईसागढ थाने के अंतर्गत पुलिस ने ग्राम जंघार में ताश के पत्तों से जुआं खेलते हुए रौनक लोधी, दीपक साहू, गिर्राज राठौर को गिरफ्तार किया है पुलिस ने जिनके पास से ताश की गडडी और 9500 रूपए तथा 3 मोटरसाइकिल जप्त की गई हैं। इसी प्रकार ईसागढ पुलिस ने ही तहसील के पीछे ताश के पत्तों से जुआं खेलते हुए अजय जैन, नरेश साहू, पवन सेन, राजकुमार लोधी, नरेश कुशवाह को गिरफ्तार किया है जिनके पास से पुलिस ने ताश की गडडी सहित 8200 रूपए व 2 मोटरसाईकिल जप्त की हैं।

### रोजगार एवं स्वरोजगार मेला का आयोजन 30 जनवरी को

**अशोकनगर।** सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्योग एवं कौशल विकास एवं रोजगार विभाग के निर्देशानुसार प्रत्येक माह के चैथे शुक्रवार को युवा संगम कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। कलेक्टर श्री आदित्य सिंह के निर्देशन में जिला स्तर पर 30 जनवरी 2026 को रघुवंशी धर्मशाला बायपास रोड अशोकनगर में प्रातः 11 बजे से रघुवंश शिक्षा परिषद जिला अशोकनगर के सौजन्य से युवा संगम कार्यक्रम अंतर्गत जिला स्तरीय रोजगार एवं स्वरोजगार मेला का आयोजन किया गया है। इस संबंध में महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र अशोकनगर ने बताया कि सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्योग एवं कौशल विकास एवं रोजगार,उच्च शिक्षा विभाग/राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के समन्वय से रोजगार मेला का आयोजन किया गया है। जिसमें एक ही मंच पऱ रोजगार व स्वरोजगार के लिए बेरोजगार युवाओं को लाभान्वित किया जायेगा।

### समाजसेवी लोगों ने राष्ट्रीय राजमार्ग के गड्ढों में पौध रोपण किया

**मुंगावली।** मुंगावली से चंदेरी को जोड़ने वाला राष्ट्रीय राजमार्ग 346 ए सेपरा से साजनमऊ तक पूरी रोड़ उखड़ चुकी है जगह जगह एक एक फिट तक के गड्ढे हो गए है वाहनों का तीन किलोमीटर सड़क तक में चलना मुश्किल हो रहा है। सोमवार को मुंगावली के जनप्रतिनिधियों द्वारा इस प्रकार के गड्ढों में पौधे रोपे ओर प्रशासन सड़क के ठेकेदार का ध्यान आकर्षित किया गया, जनता की आवाज अख्तर खान ने इस तरह का विरोध प्रकट किया। नेशनल हाईवे के कार्यों को घटिया निर्माण दर्शाता है कि जनता कितनी परेशान है कोई सुनने और देखने वाला नही है जबकि यह सड़क मुंगावली से चन्देरी को जोड़ती है।

---

### ग्राम गोदना में आयोजित चौपाल में शामिल हुए पूर्व मुख्यमंत्री

# मनरेगा को खत्म कर आपके अधिकार को छीन रही भाजपा सरकार: दिग्विजय सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना




हमारा संगठन अभी तक ब्लॉक स्तर तक सीमित था किंतु अब मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर पूरे मध्य प्रदेश में पंचायत समिति गठन किया जाएगा। उसी के तहत आज ग्राम गढ़ा पंचायत का गठन किया जा रहा है। यह बात मंगलवार को बीना के ग्राम गोदना में चौपाल के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री राज्यसभा सदस्य दिग्विजय सिंह ने कही। गौरतलब है कि पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के निर्देशन पर जिला अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह मुहासा ने ग्राम पंचायत गढ़ा समिति का गठन किया गया और उन्होंने अध्यक्ष सहित सभी ब्लॉक अध्यक्षों से पंचायत का गठन करने की बात कही। आगे पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने कहा आप सभी के बीच बैठकर पूरे ब्लॉक में पंचायत समिति गठन करना है।

मनरेगा आपके काम करने के संविधानिक अधिकार को सुनिश्चित करता था। आज मनरेगा बचाव को लेकर कांग्रेस आपके बीच है। भाजपा सरकार मनरेगा को खत्म कर आपके इस अधिकार को छीन रही है। आपकी ग्राम पंचायत के अधिकार को भी दरकिनार किया जा रहा है। राज्यों पर अतिरिक्त वित्तीय बोझ डाला जा रहा। उन्होंने बीना में उपचुनाव को लेकर तैयार रहने को कहा। मनरेगा को लेकर दिग्विजय सिंह ने आरोप लगाते हुए कहा कि केंद्र और राज्य सरकार ने मनरेगा की मूल भावना को बदल दिया है। इससे ग्रामीण मजदूरों की आर्थिक स्थिति पर गहरा असर पड़ा है। इसको लेकर उन्होंने बीना जनपद पंचायत के सीईओ प्रदीप पाल से भी मनरेगा के संबंध में मोबाइल पर चर्चा की। इसके अलावा उन्होंने बीना रिफाइनरी में स्थानीय लोगों को रोजगार न मिलने का मुद्दा भी उठाया। दिग्विजय सिंह ने कहा कि रिफाइनरी की स्थापना के समय स्थानीय लोगों को रोजगार देने का अनुबंध हुआ था, जिसका पालन नहीं किया जा रहा है। इससे क्षेत्र के युवाओं में असंतोष है।

पूर्व मंत्री प्रभु सिंह ठाकुर ने कहा भारतीय जनता पार्टी के शासनकाल में युवा बेरोजगार भटक रहा है। न उसे रोजगार है न ही कोई काम। किसान को उसके उपज का मूल्य नहीं मिल रहा है। पूर्व मंत्री दिग्विजय सिंह के शासनकाल में शिक्षाकर्मी, सचिव, स्वास्थ्य कर्मी जैसे पदों पर पूरे मध्य प्रदेश में भर्ती की गई थी। तेल शोधक रिफाइनरी में स्थानीय बेरोजगारों को रोजगार नहीं मिल रहा है।

**कार्यकर्ताओं की ली बैठक-** इससे पूर्व सोमवार को पूर्व मुख्यमंत्री और राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह बीती रात बीना पहुंचे। उन्होंने एक निजी होटल में कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने कहा कि बीना से कांग्रेस के टिकट पर जीतीं विधायक निर्मला सप्रे अब भाजपा के मंच पर दिख रही हैं, जिससे उपचुनाव की स्थिति बन रही है। कांग्रेस इसके लिए पूरी तरह तैयार है और जनता दोबारा मौका मिलने पर पार्टी को समर्थन देगी। राज्यसभा को लेकर दिग्विजय सिंह ने कहा कि उनके बारह वर्ष पूरे हो चुके हैं। उन्होंने कहा राज्यसभा जाने की इच्छा नहीं है और अब नए कार्यकर्ताओं और नेताओं को अवसर मिलना चाहिए। उन्होंने इसे पार्टी में नई पीढ़ी को आगे लाने की आवश्यकता बताया। इस मौके पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष इंदर सिंह यादव, पूर्व जनपद अध्यक्ष इंदर सिंह ठाकुर, अनुराग ठाकुर शहर अध्यक्ष, रामकिशन अहिरवार, प्रमोद राय, नरेन्द्र सिंह ठाकुर, भूपेंद्र सिंह ठाकुर, अशोक परिहार, भावसिंह यादव, राजकुमार लोधी , विनोद पोरिया, विक्रांत गोलंदाज, लालू अहिरवार, शिवानी बौद्ध, ममता अहिरवार, एड उमा नवैया, खुशी लाल अहिरवार जिला पंचायत सदस्य, शिवकुमार चढ़ार, मोहिनी कश्यप, आदि उपस्थित रहे।

---

# दिनारा में बढ़ा अपराध, पुलिस व्यवस्था पर उठे सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दिनारा

कस्बे में लगातार हो रही घटनाओं ने आम नागरिकों से लेकर व्यापारियों तक को भयभीत कर दिया है। अपराधियों के हौसले इतने बुलंद हो चुके हैं कि लोग डर के साए में जीने को मजबूर हैं, जबकि पुलिस सुरक्षा व्यवस्था केवल कागजों में सक्रिय दिखाई देती है। स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि पुलिस प्रशासन क्षेत्र में अपराध रोकने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठा रहा है।

सेवड़ी रोड और आसपास के इलाकों में कई घटनाएं हो चुकी हैं। इन घटनाओं को रोकने के लिए पुलिस ने सिर्फ एक लोहे का डब्बा रखकर उस पर ह्यपुलिस सहायता केंद्रह्ल लिख दिया, लेकिन यहां आज तक न कोई पुलिसकर्मी तैनात हुआ और न ही यह केंद्र कभी उपयोग में आया। बीट प्रभारी नियुक्त किए जाने के बाद भी क्षेत्र में गश्त कभी-कभार हो रही है।

3 जुलाई 2021 को ग्राम आवास स्थित फूला माता हाईवे किनारे तीन लोग आपस में झगड़ रहे थे। झगड़े के दौरान बीच-बचाव करने पहुंचे दो युवकों पर खानीपियों ने फायरिंग की। फरियादी संदीप पुत्र माता दिन यादव निवासी ग्राम आवास ने अपने साथी घायल पुष्पेंद्र पुत्र उदय सिंह के साथ यह रिपोर्ट दिनारा थाने में दर्ज कराई। यह घटना क्षेत्र की बिगड़ती कानून-व्यवस्था का साफ संकेत है।

### धर्म कांटा मालिक से चार लाख की लूट

21 जुलाई 2022 को बदमाशों ने धर्म कांटा संचालक को बातों में उलझाकर गल्ले से चार लाख रुपये चोरी कर लिए और फरार हो गए। यह वारदात दिनदहाड़े हुई जिससे पुलिस की कार्यप्रणाली और तत्परता पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं।

24 जुलाई 2022 की सुबह घर से निकले एक व्यापारी को सेवड़ी रोड पर बदमाशों ने रोककर उससे एक लाख रुपये लूट लिए। यह घटना व्यापारियों में पहले से मौजूद भय को और बढ़ा गई है, जिससे दुकानें अब समय से पहले बंद होने लगी हैं।

### अपराध रोकने के लिए डायल 112 का चेक पॉइंट स्थापित करें

सेवड़ी रोड क्षेत्र में बढ़ते अपराधों ने स्थानीय लोगों को परेशान कर रखा है। डायल 112 का एक पॉइंट भोपाल से चेक पॉइंट सिकंदरा पर लगना था लेकिन वह चेक पॉइंट पर गाड़ी नहीं आती। अगर अस्थाई चौकी की जगह डायल 112 का पॉइंट लग जाये तो यह घटनायें रुक सकती हैं। स्थानीय निवासी बताते हैं कि नियमित गश्त और त्वरित प्रतिक्रिया से अपराधी बौखला जाएंगे। व्यापारियों का कहना है कि ऐसी व्यवस्था से दुकानें देर तक खुल सकेंगी। पुलिस को भी सुझाव है कि वाहनों की उपलब्धता सुनिश्चित करें ताकि आपातकाल में सहायता पहुंच सके। इससे न केवल कानून-व्यवस्था मजबूत होगी बल्कि जनता का विश्वास भी बहाल होगा। क्षेत्रवासियों ने मांग की है कि जल्द से जल्द इस पर अमल हो। कुल मिलाकर, डायल 112 का सक्रिय पॉइंट अपराधों पर अंकुश लगाने का प्रभावी उपाय साबित हो सकता है।

---

# साप्ताहिक समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने की विभिन्न विभागों की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

शासन की मंशानुरूप शासकीय योजनाओं का क्रियान्वयन किया जाए। साथ ही पात्र हितग्राहियों को शत प्रतिशत लाभ मिले यह सुनिश्चित किया जाए। इस आशय के निर्देश कलेक्टर आदित्य सिंह ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समयावधि के पत्रों की समीक्षा बैठक के दौरान जिला अधिकारियों को दिए।

बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जिला अधिकारी संस्थागत इकाईयां का भ्रमण कर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं दुरूस्त करायें। उन्होंने सीएम हेल्पलाईन के अंतर्गत विभागीय ग्रेडिग की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि फाइनल ग्रेडिग के पूर्व विभागीय अधिकारी विशेष ध्यान दें। संकल्प से समाधान अभियान अंतर्गत विभागीय प्रगति की समीक्षा कर निर्देशित किया गया कि अधिकारी अपने- अपने विभाग के तहत योजनाओं के तहत प्राप्त आवेदनों का इंद्राज पोर्टल पर करें। साथ ही पात्र हितग्राहियों को योजनावार लाभ दिलाना सुनिश्चित करें। शासन की नीति तथा योजनाओं के लाभ से कोई अछूता न रहे। उन्होंने विभिन्न मदों में विभागवार बजट तथा टेण्डर प्रक्रिया के बारे में विस्तार से समीक्षा कर बजट का सदुपयोग तथा टेण्डर की नियमानुसार प्रक्रिया के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए।



### केन्द्रीय मंत्री का प्रस्तावित भ्रमण फरवरी माह में

केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया का प्रस्तावित भ्रमण कार्यक्रम माह फरवरी के प्रथम सप्ताह में जिले में रहेगा। साथ ही दिशा की बैठक का आयोजन किया जायेगा। बैठक के आयोजन हेतु सभी विभाग अपनी-अपनी तैयारी पूर्ण रखें।

### प्रभारी मंत्री की अध्यक्षता में गठित समितियों की बैठकों का करें आयोजन

बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिए जिला प्रभारी मंत्री की अध्यक्षता में जिला तथा ब्लॉक स्तर पर गठित समितियों की बैठकों का आयोजन विभागीय अधिकारियों द्वारा किया जाए। इस कार्य को प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने जन आरोग्य समितियों का गठन किया जाकर बैठक आयोजित किये जाने के निर्देश दिए।

### गणतंत्र दिवस की तैयारियां समय पर हो

बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिए कि गणतंत्र दिवस पर विभागीय अधिकारियों द्वारा सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय से पूर्ण कराई जाए। उन्होंने शैक्षणिक संस्थाओं में ध्वजारोहण सहित गणतंत्र दिवस के आयोजन की बेहतर व्यवस्थाएं हो यह सुनिश्चित किया जाए। बैठक में वृंदावन ग्राम तथा क्षीरधारा योजना के क्रियान्वयन की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने वन ग्रामों में क्षीर धारा योजना के संचालन के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कृषि फॉर्मर आई.एग्री.स्टेट,पीएम किसान सम्मान निधि की प्रगति की समीक्षा की।उन्होंने पोषण ट्रेकर एप,आंगनवाडी केन्द्रों का युक्तियुक्तकरण, बस्ती विकास के तहत निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश कुमार जैन,संयुक्त कलेक्टर आर.बी.सिण्डोस्कर, बृजविहारीलाल श्रीवास्तव एवं जिला अधिकारी उपस्थित रहे। साथ ही समस्त एसडीएम,सीईओ जनपद पंचायत,मुख्य नगर पालिका अधिकारी गूगल मीट से जुडे।

---

### पुलिस ने जांच में लिया मामला

# स्पोर्ट टीचर ने बस में सीट विवाद को लेकर दो छात्रों के साथ की मारपीट!

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करैरा

करैरा में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है, जहां करैरा विकास खंड के खेल संयोजक और स्पोर्ट टीचर अजय वीर सिंह ने बस में मामूली सीट विवाद को लेकर दो छात्रों के साथ क्रूरता से मारपीट की, जिससे इलाके में आक्रोश की लहर दौड़ गई है, वाकया तब का है जब छात्र ओवैस खान, तथा विराट यादव निवासी करैरा , दोनों ही निजी संस्थान सीता सेंट्रल स्कूल करैरा में पढ़ते हैं और खेलों के शौकीन हैं, वे स्कूल प्रतिनिधि के रूप में जिला मुख्यालय शिवपुरी में आयोजित खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेने गए थे, जहां उन्होंने अच्छा प्रदर्शन भी किया और शाम के वक्त उसी बस से बापस लौटते समय करीब 6 से 7 बजे के बीच तभी अचानक टीचर अजय वीर सिंह उनके पास पहुंचे और छात्रों की सीट देखकर गुस्से से चिल्लाए कि यहां से तुरंत हट जाओ, दूसरी जगह जाओ, इस पर छात्रों ने शांत स्वर में कहा कि सर, हम इसी सीट पर शिवपुरी पहुंचे थे और अब भी इसी पर लौट रहे हैं, इसमें कोई दिक्कत क्यों, लेकिन टीचर ने उनकी अपील को ठुकरा दिया और झल्लाहट में दोनों पर थप्पड़ों और मुक्कों की बौछार कर दी, विशेष रूप से पीठ पर वार किए जिससे छात्रों को गहरी अंदरूनी चोटें लगीं और वे बस के अंदर ही दर्द से तड़पने लगे, अन्य छात्रों ने इस मारपीट को देखा लेकिन टीचर की प्रभावशाली पदवी के कारण कोई हस्तक्षेप न कर सका, बस में टीचर वोला की अगर किसी ने इस घटना की आवाज उठाई तो कैरियर खराब कर दूंगा जिससे छात्र डर गए ।बस के करैरा पहुंचते ही छात्र घर जाकर परिजनों को रो-रोकर सारी व्यथा सुनाई, जिससे परिवार




क्रोधित हो उठे और इम्तियाज़ खान तथा विराट के अभिभावकों ने तत्काल आसपास के लोगों को इकट्ठा किया, नतीजतन रात के अंधेरे में सैकड़ों लोग और स्थानीय निवासी थाने पर उमड़ पड़े, जहां उन्होंने टीचर की गिरफ्तारी और एफआईआर की मांग की तथा पुलिस पर कार्रवाई का दबाव बनाया, थाने ने रात्रि में ही छात्रों के परिजनों का शिकायत पत्र स्वीकार किया और प्रारंभिक पूछताछ शुरू कर दी, छात्रों ने थाने में पीठ पर सूजन, कटाव और गंभीर चोटें भी दिखाई । टीचर अजय वीर सिंह, जो न केवल एक स्कूल में सेवा दे रहे हैं बल्कि पूरे विकास खंड के खेल गतिविधियों के प्रमुख संयोजक हैं, इस भूमिका के बावजूद ऐसी गुंडागर्दी दिखा बैठे जिसने उनकी साख पर बट्टा लगा दिया, स्कूल प्रबंधन को भी उन्हें तलब करने का आदेश जारी करना चाहिये जबकि जिला शिक्षा अधिकारी को उच्च स्तरीय जांच समिति का गठन करना चाहिए ताकि ऐसी अनियमितताओं पर अंकुश लगाया जा सके, इस घटना ने निजी स्कूलों में छात्र सुरक्षा के मुद्दे को उजागर किया है क्योंकि सीता सेंट्रल स्कूल जैसे संस्थान खेलों के माध्यम से बच्चों का समग्र विकास करने का दावा करते हैं लेकिन बाहरी हस्तक्षेप से ऐसी विडंबनाएं हो रही हैं, स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ताओं और नेताओं ने शिक्षा विभाग से तत्काल हस्तक्षेप की अपील की है छात्रों के परिजन ज टीचर को नौकरी से बर्खास्त करने और छात्रों को न्याय दिलाने की बात कर रहे हैं, अभिभावक संगठनों ने भी चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र कार्रवाई न हुई तो बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन होगा, इस मामले ने एक बार फिर सवाल उठाए हैं कि क्या विकास खंड स्तर के संयोजक जैसे जिम्मेदार पदों पर बैठे लोग छात्रों के प्रति संवेदनशील नहीं हैं, विशेषकर जब निजी स्कूल के बच्चे सरकारी आयोजनों में भाग लेते हैं तो उनकी सुरक्षा का क्या इंतजाम है, करैरा के बाजारों और गलियों में इसकी चर्चा जोरों पर है और लोग शिक्षा प्रणाली में सुधार की मांग कर रहे हैं ताकि भविष्य में कोई बच्चा ऐसी यातना का शिकार न बने। यह न केवल शारीरिक हिंसा है बल्कि मानसिक आघात भी है जो छात्रों के खेल उत्साह को कुचल देगा।

#### दिखवाते हैं

छात्रों को बस में स्पोर्ट सर ने यह बोला था कि गर्ल्स खड़ी है उन्हें पहले बैठने दो इस कारण छात्रों ने सर की बात नहीं सुनी उसे विवाद का रुप दे दिया। लड़कियों को प्रथम दृष्टया सीट देना उद्देश्य रहता है।

**अरविंद यादव,** प्राचार्य एवं संकुल प्रभारी उत्कृष्ट विद्यालय करैरा

लिखित शिकायत करो क्या घटना है। मैं जानता नहीं हो कौन अजय वीर है फिर दिखवाते हैं।

**विवेक श्रीवास्तव,** जिला शिक्षा अधिकारी शिवपुरी

---

### गर्ल्स कॉलेज में आयोजित किया गया कार्यक्रम

# 30 दिवसीय व्यक्तित्व विकास प्रशिक्षण का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

गर्ल्स कॉलेज में स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के तत्वावधान में आयोजित 30 दिवसीय निःशुल्क इंटरव्यू स्किल एवं पर्सनालिटी डेवलपमेंट प्रशिक्षण कार्यक्रम का मंगलवार को समापन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ चंदा रत्नाकर ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया। इसके बाद मंच पर उपस्थित अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ द्वारा किया गया। प्रशिक्षण का विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए प्रशिक्षक अंशुल बबेले ने बताया कि इस एक माह के दौरान छात्राओं को आधुनिक समय की मांग के अनुसार तैयार किया गया है। उन्होंने अपने संबोधन में इंटरव्यू स्किल्स की बारीकियों पर






प्रकाश डालते हुए कहा कि वर्तमान प्रतिस्पर्धी युग में अपनी वैल्यू स्वयं निर्धारित करना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि यदि आप अपने उद्देश्यों के प्रति केंद्रित रहकर निरंतर अपनी स्किल्स को अपडेट करती हैं, तो सफलता सुनिश्चित है।

स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. रश्मि जैन ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि इस तरह के प्रशिक्षण कार्यक्रम किसी भी विद्यार्थी के व्यक्तित्व विकास की नींव होते हैं। उन्होंने प्रकोष्ठ द्वारा छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य और उनके कल्याण हेतु किए जा रहे निरंतर प्रयासों की जानकारी दी। डॉ. जैन ने छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि केवल सपने देखना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उन्हें साकार करने के लिए पूरी ऊर्जा के साथ मैदान में उतरना होगा। कौशल विकास ही वह माध्यम है जिससे आप समाज में अपनी विशिष्ट पहचान बना सकती हैं। कॉलेज प्राचार्य डॉ. चंदा रत्नाकर ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में छात्राओं को जीवन के व्यावहारिक मंत्र दिए। उन्होंने कहा कि हर छात्रा को समय-समय पर स्वमूल्यांकन करना चाहिए ताकि वह अपनी रुचियों और क्षमताओं को पहचान सके। उन्होंने छात्राओं से अपने मस्तिष्क की असीमित शक्ति का पूर्ण प्रयोग करने और सदैव सकारात्मक रहने का आह्वान किया। प्राचार्य ने जोर देते हुए कहा कि विपरीत परिस्थितियों में भी कभी हिम्मत और साहस न छोड़ें, क्योंकि आपके भीतर वह शक्ति मौजूद है जो हर बाधा को पार कर सकती है। कार्यक्रम के अंत में सहभागी छात्राओं को उक्त प्रशिक्षण के प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए। कार्यक्रम का संचालन शुभम राठौर शोधार्थी हिन्दी विभाग ने किया, जिन्होंने कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों, स्टाफ सदस्यों और छात्राओं का आभार व्यक्त किया। इस गरिमामयी अवसर पर कॉलेज का समस्त शैक्षणिक एवं अशैक्षणिक स्टाफ उपस्थित रहा। प्रशिक्षण के समापन पर छात्राओं में भारी उत्साह देखा गया और बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं।

---

# पीजी कॉलेज में राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन



**बीना।** पीजी कॉलेज में स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के तत्वावधान में राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस के परिप्रेक्ष्य में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें शासकीय महाविद्यालय नरयावली के सहायक प्राध्यापक व भारतीय उद्यमिता संस्थान, अहमदाबाद से प्रशिक्षित टीपीओ डॉक्टर अंकित कुमार सूर्यवंशी द्वारा उद्यमिता एवं स्टार्टअप विषय पर ऑनलाइन व्याख्यान दिया गया। उन्होंने स्टार्टअप कैसे आरंभ करें, प्रोजेक्ट रिपोर्ट कैसे बनाएं, स्टार्टअप के लिए सहायक एजेंसियां, स्टार्टअप के प्रकारों को उदाहरण सहित समझाया। नवाचार क्या है? उद्यमिता में नवाचार प्रयोग में कैसे लाएं? इन सभी बिंदुओं पर चरणबद्ध तरीके से जानकारी प्रदान की।

कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था प्राचार्य डॉक्टर रेखा बरेठिया ने की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि विद्यार्थी भविष्य में सफल उद्यमी बनें और अन्य लोगों को भी रोजगार प्रदान करने की क्षमता रखें व देश की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान दें। कार्यक्रम में डॉक्टर एमएल सोनी, डॉ नमिता अग्निहोत्री, डॉ राजेश सप्रे, प्रोफेसर आरएस तिवारी, मोहम्मद रफीक शेख, उमेश यादव, डॉ चेतना शर्मा, डॉ नीलम सिंह, गौरव नैलवाल, श्वेता दुबे आदि रहे मौजूद।